TNF TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | कलेक्ट्रेट में डीएम मनीष बंसल का औचक निरीक्षण... (पेज-3) | पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-डमी | मूल्य ₹7 | शनिवार | दिनांक- 28.11.2026

## ‘योगी नहीं तो यूपी भी नहीं’

### राउत ने की योगी की तारीफ, कहा- वे हिंदुत्व का बड़ा चेहरा

❍ एजेंसी, मुंबई।



शिवसेना उद्धव गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व क्षमता की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें हिंदुत्व का सबसे बड़ा चेहरा बताया है। अपने तीखे और बेबाक बयानों के लिए पहचाने जाने वाले संजय राउत ने सोशल मीडिया पर कहा कि योगी आदित्यनाथ ने खुद को मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में घोषित किया है, तो यह सराहनीय है। वह एक सक्षम व्यक्ति हैं और हम भी योगी जी से प्यार करते हैं। उन्होंने कहा कि योगी हिंदुत्व का ऐसा चेहरा हैं जो सबसे शीर्ष पर हैं। यदि योगी नहीं हैं, तो यूपी भी नहीं है। राउत ने यह भी कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में बहुमत हासिल करेगी और चुने गए अधिकांश विधायक उनका समर्थन करेंगे।

राउत ने भाजपा के भीतर असंतोष की खबरों को भी खारिज करते हुए कहा कि मतभेद और असंतोष सभी राजनीतिक दलों में आम बात है। उन्होंने तर्क दिया कि कोई भी राजनीतिक संगठन अपने हर सदस्य से अपने नेतृत्व की संतुष्टि की उम्मीद नहीं कर सकता और अपनी बात को साबित करने के लिए उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, 'क्या मोदी जी की पार्टी में हर कोई उनसे खुश रहता है? क्या अमित शाह जी की पार्टी में हर कोई उनसे खुश रहता है? ऐसा नहीं है'।

## सीएम योगी के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खिले युवाओं के चेहरे, बोले- मेहनत का मिला फल

❍ एजेंसी, नई दिल्ली।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय में चयनित 1,594 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत सरकारी नौकरी पाने वाले अभ्यर्थियों के चेहरे मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठे। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों ने योगी सरकार की भर्ती प्रक्रिया की सराहना करते हुए अपने अनुभव साझा किए। किसी ने चार साल तो किसी ने आठ साल की तैयारी के बाद मिली सफलता को अपने जीवन का यादगार पल बताया।

लखनऊ निवासी संस्कृति मेहरोत्रा का चयन सहायक लेखाकार के पद पर हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। पिछले चार साल से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही थीं। आज उनका सपना पूरा हो गया। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि भर्ती में केवल आवेदन शुल्क और आने-जाने का खर्च हुआ, इसके अलावा एक रुपये भी खर्च नहीं करना पड़ा।

वर्ष 2024 से तैयारी कर रहीं डिंपल यादव बनीं लेखा परीक्षक

बलिया निवासी डिंपल यादव का चयन लेखा परीक्षक के पद पर हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 से लगातार तैयारी कर रही थीं और आज उन्हें सफलता मिली है। योगी सरकार युवाओं के लिए अच्छा काम कर रही है। सरकार के प्रयासों से महिलाएं भी खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। मुरादाबाद निवासी सोनम सैनी सहायक लेखाकार के पद पर चयनित हुई हैं। उन्होंने कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी रही और कहीं भी घूसखोरी नहीं हुई। कभी नहीं सोचा था कि मुख्यमंत्री जी के हाथों नियुक्ति पत्र पाने का अवसर मिलेगा। यह उनके लिए बेहद खुशी का पल है। योगी सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर काम कर रही है।

### योगी सरकार में तेजी से हो रही भर्तियां

लखीमपुर खीरी निवासी कपिल कुमार का चयन लेखा परीक्षक के पद पर हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि योगी सरकार में सभी भर्तियां निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराई जा रही हैं। शाहजहांपुर निवासी उत्सव सक्सेना सहायक लेखाकार के पद पर चयनित हुए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले आठ साल से तैयारी कर रहे थे। भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष होने के साथ तेजी से पूरी हुई। सपा सरकार और योगी सरकार के कार्यकाल में बड़ा अंतर है। वर्ष 2017 से पहले नियुक्ति पत्र मिलने की ऐसी खबरें सुनाई नहीं देती थीं, जबकि योगी सरकार में हर सप्ताह युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल रहे हैं।

### यूट्यूब से पढ़ाई कर अभय प्रताप बने सहायक लेखाकार

मैनपुरी निवासी अभय प्रताप सिंह का चयन सहायक लेखाकार के पद पर हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले दो से तीन साल से तैयारी कर रहे थे और यूट्यूब के माध्यम से पढ़ाई की। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि योगी सरकार की योजनाएं धरातल पर दिखाई दे रही हैं। झांसी निवासी कृष्णकांत व्यास भी सहायक लेखाकार के पद पर चयनित हुए हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में उनकी मेहनत का फल मिला है। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त करना उनके लिए ऐतिहासिक और भावुक पल है।

### सैफई सिंडिकेट नहीं गिन पाएगा नियुक्ति पत्र बांटने की गतिः योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 1594 लेखा परीक्षकों और सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में पूर्व की समाजवादी पार्टी की सरकार पर जमकर हमला बोला। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जिस तेजी से नियुक्ति पत्र बांट रही है सैफई सिंडिकेट उसकी गति नहीं गिन पाएगा, क्योंकि उसे सिर्फ नोट गिनना आता है।

## निलंबन खत्म कराने के लिए मैदान में उतरे अभिषेकः बिरला को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी का निलंबन खत्म करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग 30 नवंबर को लोकसभा की बैठक दोबारा शुरू होने से पहले की है। कल्याण बनर्जी को 22 जुलाई 2026 को मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए लोकसभा से निलंबित किया गया था। अभिषेक बनर्जी ने अपने पत्र में लोकसभा के नियम 374(2) का हवाला दिया है। उन्होंने कहा कि सदन के पास किसी सदस्य का निलंबन खत्म करने का अधिकार है। इसके लिए सदन में प्रस्ताव लाया जा सकता है। 27 नवंबर को लिखे पत्र में अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष से इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि कल्याण बनर्जी का निलंबन अब भी जारी है। इसकी वजह यह है कि 13 अगस्त को मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था, लेकिन सत्र का औपचारिक सत्रावसान नहीं हुआ।

# क्रेंदीय बैठकः लोकसभा में बढ़ेंगी 50 फीसदी सीटें

### मोदी कैबिनेट ने प्रस्ताव को दी मंजूरी; 2051 तक लागू रहेगी व्यवस्था

❍ एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को लोकसभा की सीटों में सभी राज्यों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। सीटों की यह संशोधित अधिकतम सीमा साल 2050 तक लागू रहेगी। यह बड़ा फैसला 30 नवंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र से ठीक पहले लिया गया है, जिसके दौरान सरकार द्वारा डिलिमिटेशन से जुड़े महिला आरक्षण विधेयक में बदलावों को पेश किए जाने की उम्मीद है।

**दक्षिणी राज्यों की चिंताओं को दूर करने की कोशिश**

लोकसभा सीटों में प्रस्तावित इस बढ़ोतरी को परिसीमन के कारण दक्षिण भारत के राज्यों के प्रतिनिधित्व पर पड़ने वाले असर को लेकर उठ रही चिंताओं को दूर करने के सरकारी प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

इससे पहले आई खबरों में भी यह संकेत दिया गया था कि सरकार 1971 की जनगणना के आधार पर राज्यों की मौजूदा अंतर-राज्यीय हिस्सेदारी को बरकरार रखते हुए सभी राज्यों में सीटों को 50 प्रतिशत बढ़ाने के फॉर्मूले पर विचार कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में यह कैबिनेट बैठक दोपहर 1 बजे सेवा तीर्थ में बुलाई गई थी, जिसमें सभी मंत्रियों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया था।

### महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन की तैयारी

सरकार उस पिछले कानून में संशोधन करने पर विचार कर रही है, जिसका उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। ये प्रस्तावित बदलाव अप्रैल में लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 के पारित न हो पाने के बाद लाए जा रहे हैं।
पिछले विधेयक में महिला आरक्षण को लागू करने की प्रक्रिया को परिसीमन से जोड़ा गया था और लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 करने का प्रस्ताव रखा गया था।

### संसद के विशेष सत्र का कार्यक्रम

संसद का विशेष सत्र 30 नवंबर को लोकसभा की बैठक के साथ शुरू होगा, जबकि राज्यसभा की बैठक 2 दिसंबर से होगी। सरकारी कामकाज की उपलब्धता के आधार पर इस विशेष सत्र के 3 दिसंबर को समाप्त होने की उम्मीद है।

## यूपी में 1 दिसंबर से खुलेंगे निशुल्क लेबर अड्डे, मिलेगा मुफ्त भोजन और बिस्तर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार सर्दी के मौसम में मजदूरों का मजबूत सहारा बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निर्माण श्रमिकों को हाड़ कंपाने वाली ठंड में राहत देने के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर श्रमिक सुविधा केंद्र योजना के अंतर्गत 18 महानगरों में 1 दिसंबर से निशुल्क अस्थायी लेबर अड्डे खोले जाएंगे। ये अड्डे गोरखपुर, आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर, शाहजहांपुर, वाराणसी एवं गौतमबुद्धनगर में संचालित किए जाएंगे। इस संबंध में श्रम विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. आशीष कुमार गोयल ने सभी संबंधित 18 जनपदों के जिलाधिकारियों को परिपत्र जारी कर दिया है। दिसंबर व जनवरी की कड़कड़ाती ठंड के दौरान अब किसी भी निर्माण श्रमिक या प्रवासी मजदूर को खुले आसमान के नीचे या सड़क किनारे रात नहीं गुजारनी पड़ेगी। यह विशेष व्यवस्था आगामी 1 दिसंबर 2026 से 31 जनवरी 2027 तक, कुल दो माह के लिए अस्थायी रूप से संचालित की जाएगी।
प्रायः देखा जाता है कि रोजगार की तलाश में बड़े शहरों में आने वाले प्रवासी मजदूरों के पास विभागीय पंजीयन न होने के कारण वे सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए शासन ने नियमों को बेहद सरल बनाया है। इस योजना के तहत राजमिस्त्री, बेलदार, मजदूर, बढ़ई, प्लम्बर, पेंटर, इलेक्ट्रिशियन, लोहार, टाइल्स कारीगर सहित भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े सभी श्रमिक और प्रवासी कामगार पात्र होंगे। यदि किसी श्रमिक का श्रम विभाग में पंजीयन नहीं है, तो भी वह कोई वैध पहचान पत्र दिखाकर निशुल्क रात्रि विश्राम की सुविधा प्राप्त कर सकेगा।

## इंडिया ब्लॉक में दरारः परिसीमन विधेयक पर सरकार के साथ आएंगे शरद पवार



❍ एजेंसी, नई दिल्ली।

महिला आरक्षण और लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की तैयारी के बीच विपक्षी गठबंधन में मतभेद सामने आने लगे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के सांसद जितेंद्र आव्हाड ने कहा है कि उनकी पार्टी परिसीमन की प्रक्रिया का समर्थन करेगी। उन्होंने शरद पवार से हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि पवार का मानना है कि परिसीमन जरूरी है। इस बयान से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है, क्योंकि विपक्षी दल केंद्र सरकार के प्रस्तावित विधेयक का विरोध करने की रणनीति बना रहे हैं।

आव्हाड ने साफ किया कि शरद पवार के साथ उनकी बातचीत पार्टी के आधिकारिक रुख को लेकर नहीं थी। उन्होंने कहा कि चर्चा का सामान्य मुद्दा यह था कि परिसीमन संवैधानिक जरूरत है। इसके बाद उन्होंने कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया का समर्थन करने का फैसला किया गया है और उनकी पार्टी इसका समर्थन करेगी। इससे पहले शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने कहा था कि उनकी पार्टी परिसीमन से जुड़े विधेयक के मसौदे का अध्ययन करने के बाद अपना रुख तय करेगी। ऐसे में आव्हाड का बयान पार्टी के रुख को लेकर नई चर्चा शुरू कर रहा है।

### केंद्र सरकार के प्रस्ताव में क्या है खास?

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला आरक्षण से जुड़े नए परिसीमन विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसे संसद के विशेष सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। प्रस्ताव को लेकर सामने आई जानकारी के मुताबिक, सरकार हर राज्य में लोकसभा सीटों की संख्या 50 प्रतिशत तक बढ़ाने पर सहमत हुई है। दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सीटों पर 2051 तक रोक लगाने की बात भी कही गई है। विधेयक में 2011 की जनगणना के आधार पर बढ़ी हुई सीटों का परिसीमन करने का प्रस्ताव है। साथ ही, संसदीय क्षेत्रों की सीमाएं दोबारा तय करने के बावजूद हर राज्य की सीटों की संख्या में बदलाव नहीं करने की बात कही गई है।

### संसद का विशेष सत्र कब से शुरू होगा?

संसद का विशेष सत्र 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक चलेगा। इसे मानसून सत्र का विस्तार माना गया है, क्योंकि 13 अगस्त को संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई थी, लेकिन सत्र औपचारिक रूप से समाप्त नहीं किया गया था। सरकार ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि विशेष सत्र में कौन-कौन से विधेयक पेश किए जाएंगे। परिसीमन से जुड़े विधेयक को दोबारा लाए जाने की संभावना के बीच कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। इसका उद्देश्य सरकार के संभावित कदम के खिलाफ साझा रणनीति तैयार करना है।

### इंडिया ब्लॉक के दूसरे दलों का क्या है रुख?

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने प्रस्तावित परिसीमन विधेयक को राष्ट्रविरोधी और अलोकतांत्रिक बताया है। उनका आरोप है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर यह प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि विधेयक के पक्ष में मतदान करने वालों को देश के गद्दार के रूप में याद किया जाएगा। राउत की टिप्पणी पर आव्हाड ने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी राय है। इस बीच सुप्रिया सुले ने साफ किया है कि वह शनिवार को होने वाली इंडिया ब्लॉक की बैठक में शामिल नहीं होंगी। उनके पिता शरद पवार अस्पताल में भर्ती हैं, इसलिए वह मुंबई में रहेंगी और सोमवार को सीधे दिल्ली पहुंचकर संसद सत्र में हिस्सा लेंगी। पार्टी की ओर से सांसद नीलेश लंके बैठक में शामिल होंगे।
परिसीमन के मुद्दे पर विपक्षी दलों के अलग-अलग बयान सामने आने से इंडिया ब्लॉक के भीतर मतभेद की स्थिति बनती दिख रही है। एक तरफ आव्हाड ने शरद पवार से बातचीत का हवाला देकर परिसीमन का समर्थन करने की बात कही है, वहीं कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना सरकार के प्रस्ताव पर साझा रणनीति बनाने की तैयारी में हैं।

## सपा के घोषणापत्र पर मायावती ने कसा तंज; मेनिफेस्टो को बताया छलावा

❍ एजेंसी, लखनऊ।

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने समजावादी पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र को छलावा करार दिया है। मयावती ने कहा है कि सपा का ‘जन-मन का मेनिफेस्टो’ के नाम से कल जारी किया गया ‘प्रण-पत्र’, इनके कथित पीडीए की तरह ही कोरा हवाहवाई है और ‘थोथा चना बाजे घना’ की कहावत को चरितार्थ करने वाला है।

शुक्रवार को मायावती ने एक्स पर लिखा कि सपा का स्वभाव जाहिर तौर पर गरीबों, दलितों, पिछड़ों व मुस्लिमों आदि के वास्तविक हित के विरुद्ध संकीर्ण, जातिवादी और धन्नासेठ समर्थक रहा है, राज्यसभा चुनाव में पीडीए के बजाय एक बड़े धन्नासेठ को प्राथमिकता देना, इसका उदाहरण है। इनका ‘जन-मन घोषणापत्र’ वास्तव में ‘धन-मन वादी’ अधिक है। सपा समाज के अच्छे लोगों के बजाय ऐसे ही धनी व बाहुबलियों आदि को चुनाव मैदान में भी उतारेगी जो खुद के लाभ व स्वार्थ में ही लगातार डूबे रहते हैं।

उन्होंने आगे लिखा कि बसपा ने अपनी सरकारों के समय ‘हर हाथ को काम’ और ‘कानून का राज’ की नीति पर काम किया, जो सपा, कांग्रेस व भाजपा आदि के बलबूते की बात नहीं। मायावती ने आरोप लगाते हुए कहा कि सपा के दामन पर लगे अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा आरक्षण विरोधी रवैये और प्रदेश को जातिवादी व दंगा-युक्त बनाने के धब्बों को जनता भला कैसे भुला पायेगी? सपा की बातें, वादे, दावे व घोषणाएं आदि चुनावी छल व छलावा हैं, इसलिए लोग जरूर सावधान रहें।

### नई सैन्य रणनीति पर सीडीएस का संदेश

## ‘युद्ध सिर्फ सीमा पर नहीं होगा, हर मोर्चे पर लड़ने की तैयारी जरूरी’

❍ एजेंसी, नई दिल्ली।



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा है कि तकनीक में तेजी से हो रहे बदलावों के कारण युद्ध का स्वरूप लगातार बदल रहा है। अब युद्ध और शांति के बीच का अंतर भी धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। देश लगातार ऐसी प्रतिस्पर्धा और टकराव की स्थिति में है, जहां दुश्मन अलग-अलग तरीकों से चुनौती दे सकता है। ऐसे में भारत को अपनी सैन्य तैयारियों में मल्टी-डोमेन ऑपरेशन यानी कई मोर्चों पर एक साथ कार्रवाई करने की क्षमता विकसित करनी होगी।

**मल्टी-डोमेन ऑपरेशन से दुश्मन के सामने कैसे पैदा होंगी कई चुनौतियां?**

सीडीएस ने दिल्ली में विवेकानंद फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में कहा कि मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का उद्देश्य अलग-अलग सैन्य क्षमताओं को एक साथ जोड़कर दुश्मन के सामने कई तरह की चुनौतियां खड़ी करना है। इसमें थलसेना, वायुसेना, नौसेना के साथ अंतरिक्ष, साइबर और सूचना से जुड़े क्षेत्र भी शामिल हैं। इन सभी क्षमताओं का एक साथ इस्तेमाल करने से विरोधी के लिए हर मोर्चे पर जवाब देना मुश्किल हो सकता है।

### युद्ध और शांति के बीच का अंतर क्यों खत्म हो रहा है?

जनरल सुब्रमणि ने कहा कि युद्ध और शांति के बीच की रेखा धुंधली होती जा रही है। भारत लगातार प्रतिस्पर्धा और टकराव की स्थिति का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि विरोधी देश अब छिपे हुए तरीकों से भारत के खिलाफ कॉग्निटिव वॉरफेयर यानी लोगों की सोच और धारणा को प्रभावित करने वाला युद्ध भी कर रहे हैं। ऐसे में चुनौती सिर्फ सीमा पर लड़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि साइबर हमले, सूचना और मानसिक प्रभाव जैसे क्षेत्र भी इसका हिस्सा बन रहे हैं।

### मल्टी-डोमेन ऑपरेशन के लिए भारत को किन तैयारियों की जरूरत है?

सीडीएस ने कहा कि ऐसे अभियानों के लिए एकीकृत कमांड और कंट्रोल सिस्टम बेहद जरूरी है। सेना के अलग-अलग अंगों के बीच बेहतर तालमेल और सूचनाओं का तेजी से आदान-प्रदान होना चाहिए। सैन्य अंतरिक्ष ढांचे का एकीकरण और प्रभावी संचार व्यवस्था भी इसकी अहम जरूरत है। उन्होंने साइबर सुरक्षा को भी मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का अभिन्न हिस्सा बताया। उनका कहना है कि भारत को अपनी सैन्य तैयारी के लिए खुद का मॉडल विकसित करना चाहिए, न कि किसी दूसरे देश के तय किए गए मॉडल की नकल करनी चाहिए। वहीं जनरल सुब्रमणि ने ऑपरेशन सिंदूर को एकीकरण, संयुक्त सैन्य कार्रवाई और मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का बेहतरीन उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि तकनीक के मामले में मिली बढ़त हमेशा के लिए नहीं रहती। तकनीकी श्रेष्ठता अस्थायी होती है और उसे बनाए रखने के लिए लगातार सुधार और नई तकनीक अपनाने की जरूरत होती है। उनके मुताबिक, बदलते युद्ध के माहौल में भारत को सैन्य क्षमताओं, तकनीक, संचार और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को लगातार मजबूत करना होगा।

## अखिलेश सरकार में केवल सैफई का विकास हुआ था, 27 में सपा वहीं सिमट कर रह जाएगीः राजभर

❍ एजेंसी, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। राजभर ने कहा कि सपा सरकार में अपराधी सड़कों पर असलहे लहराते हुए छुट्टा सांड की तरह घूमते थे। सपा सरकार में दंगे और कर्फ्यू आम बात थी। पूरा प्रदेश गुंडाराज के नाम से जाना जाता था। सरकार को माफिया चलाते थे। उस समय उत्तर प्रदेश की पहचान 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया' से होती थी। नौकरी के नाम पर सपा के लोग अपनी तिजोरी भरने का काम करते थे। अयोग्य लोगों को नौकरी मिलती थी और योग्य अभ्यर्थी घर बैठे रह जाते थे।

वहीं नोएडा के विकास और वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने के अखिलेश यादव के वादों पर राजभर ने कहा कि अखिलेश को गाजीपुर, बनारस और गोरखपुर समेत पूर्वांचल के जिलों को छोड़कर सिर्फ नोएडा का विकास क्यों दिखाई देता है? नोएडा पहले से ही विकसित है। हकीकत यह है कि अखिलेश को सैफई से आगे कुछ नहीं दिखता। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने सिर्फ सैफई का ही विकास किया। राज्य के अन्य सभी क्षेत्रों को अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी ने उपेक्षित रखा। 2027 में सपा सैफई तक ही सिमट जाएगी।

# आगरा कॉलेज में मेट्रो निर्माण के विरोध में उबले शिक्षक-कर्मचारी और छात्र, एमजी रोड पर किया प्रदर्शन

**प्रमुख मांगों पर कार्रवाई के लिए मेट्रो प्रशासन को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम; प्राचार्य व परियोजना निदेशक की वार्ता के बाद धरना कल तक स्थगित**

❍ टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा कॉलेज के ऐतिहासिक खेल मैदान और भूमि पर मेट्रो प्रशासन द्वारा कथित अनधिकृत कब्जा कर पार्किंग निर्माण करने, संपत्ति को क्षति पहुंचाने तथा एक वरिष्ठ शिक्षक के साथ दुर्व्यवहार किए जाने के विरोध में शुक्रवार को कॉलेज परिसर में जमकर हंगामा हुआ। स्टाफ क्लब के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर पैदल मार्च निकाला और राजामंडी मेट्रो स्टेशन स्थित खेल मैदान में धरना प्रदर्शन किया। बाद में प्राचार्य प्रो. सी.के. गौतम के हस्तक्षेप और मेट्रो परियोजना निदेशक अरविंद कुमार राय से वार्ता के बाद मेट्रो प्रशासन को मांगें पूरी करने के लिए 24 घंटे का समय देते हुए धरना कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया।



प्रातः लगभग 11 बजे कॉलेज परिसर से शुरू हुआ पैदल मार्च खेल मैदान तक पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले करीब तीन वर्षों से मेट्रो निर्माण के कारण छात्र-छात्राएं खेल मैदान और शारीरिक गतिविधियों से वंचित हैं, जिससे उनके शारीरिक व मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कॉलेज की भूमि पर अनधिकृत निर्माण रोकने, शिक्षक से अभद्रता करने वालों पर कार्रवाई करने तथा पूर्व में दिए गए 10 बिंदुओं के लिखित आश्वासन को बिना शर्त लागू करने की मांग की।

दोपहर 12 बजे तक मेट्रो का कोई सक्षम अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा, तो आक्रोशित छात्रों ने एमजी रोड पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। स्थिति की गंभीरता देखते हुए प्राचार्य प्रो. सी.के. गौतम धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से संवाद किया। इसी बीच मेट्रो परियोजना निदेशक अरविंद कुमार राय भी मौके पर पहुंचे और प्राचार्य से वार्ता कर मांगों के समाधान का सकारात्मक आश्वासन दिया। इसके उपरांत प्राचार्य कार्यालय में दोनों पक्षों के बीच वार्ता शुरू हुई।

स्टाफ क्लब के सचिव डॉ. आनंद प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि धरना समाप्त नहीं किया गया है, बल्कि मेट्रो प्रशासन को ठोस कार्रवाई के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है। उन्होंने दो टूक कहा कि कॉलेज की एक इंच अतिरिक्त भूमि भी किसी एजेंसी को नहीं लेने दी जाएगी और यदि तय समय में संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षक व छात्र संगठन आंदोलन को और तेज करेंगे।

प्रदर्शन में स्टाफ क्लब के पूर्व सचिव डॉ. विजय कुमार सिंह व डॉ. विक्रम सिंह सहित प्रो. गौरव कौशिक, डॉ. दिग्विजय पाल सिंह, प्रो. शशिकांत पांडे, प्रो. भूपाल सिंह, प्रो. ए.के. सिंह, प्रो. भूपेंद्र कुमार चिकारा, डॉ. रावेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. केशव सिंह, डॉ. चेतन गौतम, प्रो. रीता निगम, प्रो. स्मिता चतुर्वेदी, प्रो. संध्या यादव, प्रो. चंद्रवीर सिंह, डॉ. अचिंत वर्मा, डॉ. गौरव प्रकाश, प्रो. अनुराग पालीवाल, प्रो. पी.के. दीक्षित, प्रो. अमित चौधरी, डॉ. वरुण वशिष्ठ, डॉ. अविनाश जैन, डॉ. अमित यादव, डॉ. विष्णु शर्मा, प्रो. सत्यदेव शर्मा, प्रो. शिवकुमार सिंह, डॉ. दिनेश कुमार मौर्य, प्रो. अमित अग्रवाल और प्रो. के.के. सिंह समेत अनेक शिक्षक शामिल रहे। वहीं, कर्मचारी संघ की ओर से गौरव शर्मा, सुमित, आशीष और दिवाकर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पर्यटन और सौंदर्यीकरण को मिली नई उड़ान

**मंत्री जयवीर सिंह ने फतेहपुर सीकरी में लाइट एंड साउंड शो और काली माता मंदिर के विकास कार्यों का किया लोकार्पण**

- फतेहपुर सीकरी में 926.60 लाख की लागत से प्रोजेक्शन मैपिंग और पाथवे इल्यूमिनेशन का हुआ आगाज; पर्यटकों के रात्रि प्रवास में होगी बढ़ोतरी
- यमुना किनारा रोड स्थित काली माता मंदिर पर 278.11 लाख रुपये से हुआ सौंदर्यीकरण; पार्क में लगे गणेश व मॉडर्न आर्ट स्कल्पचर्स और आधुनिक ओपन जिम




❍ टीएनएफ टुडे, आगरा।

जनपद में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के कायाकल्प के क्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दो बड़ी परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री जयवीर सिंह ने ऐतिहासिक नगरी फतेहपुर सीकरी में आधुनिक 'लाइट एंड साउंड शो' तथा 'पाथवे इल्यूमिनेशन' और यमुना किनारा रोड स्थित प्राचीन काली माता मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्यों को जनता को समर्पित किया। फतेहपुर सीकरी में 926.60 लाख रुपये की लागत से प्रोजेक्शन मैपिंग, हाई-टेक प्रोजेक्टर, फसाड लाइटिंग और पाथवे लाइट की स्थापना कर परिसर को भव्य रूप दिया गया है। इस लाइट एंड साउंड शो के संचालन से न केवल देश-विदेश से आने वाले पर्यटक इतिहास की गौरवगाथा से रूबरू हो सकेंगे, बल्कि आगरा और फतेहपुर सीकरी में पर्यटकों के रात्रि प्रवास में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

इसी क्रम में यमुना किनारा रोड पर यमुना बैंक की ओर स्थित काली माता मंदिर पर 278.11 लाख रुपये की लागत से कराए गए सौंदर्यीकरण कार्यों का भी लोकार्पण किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर के निकट स्थित पार्क का व्यापक कायाकल्प करते हुए वहां भगवान गणेश की प्रतिमाएं (स्कल्पचर्स) और आकर्षक मॉडर्न आर्ट स्कल्पचर्स स्थापित किए गए हैं, जो अब श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। इसके अतिरिक्त, मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं, मॉर्निंग वॉकर्स और स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य लाभ को ध्यान में रखते हुए परिसर के समीप एक आधुनिक ओपन जिम भी स्थापित किया गया है, जिससे आमजन को स्वच्छ और सुंदर वातावरण में व्यायाम की सुविधा मिल सकेगी।

# खेत में तार लगाने पर छिड़ा खूनी संघर्ष

**आठ माह की गर्भवती समेत छह घायल**



- टड़ावली में खेत की मेड़ पर भिड़े दो पक्ष, जमकर चले लाठी-डंडे
- वीडियो बना रही दिव्यांग गर्भवती महिला से भी मारपीट का आरोप
- दोनों पक्षों के छह घायल अस्पताल पहुंचे, पुलिस ने शुरू की जांच

❍ टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव टड़ावली में शुक्रवार सुबह खेत में तार लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। घटना में आठ माह की गर्भवती महिला समेत दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुलायम सिंह पुत्र सियाराम निवासी टडावली थाना फतेहाबाद ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे के करीब हमारे खेत में दूसरे पक्ष से रामकली पत्नी रामेश्वर तार लगा रहे थे। जिसका विरोध करने पर दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने लगी देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर आ गए। और दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान मुलायम सिंह पक्ष की दोनों पैरों से विकलांग राजेश्वरी पत्नी देव प्रकाश जो आठ माह की गर्भवती है। वीडियो बना रही थी आरोप है कि उसके साथ भी मारपीट कर दी। इस दौरान मारपीट में मुलायम उनका बेटा अमर व राजेश्वरी घायल हो गई। वहीं दूसरे पक्ष की रामकली पत्नी रामेश्वर ने बताया कि वह अपने खेत पर अपनी नातिन जानवी के साथ साथ तार लगा रही थी। तभी मुलायम सिंह आकर तार लगाने का विरोध करते हुए गाली गलौज करने लगा और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मारपीट में रामकली , उनका बेटा केशव , नातिन जानवी हो घायल हो गई। वहीं पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सहायक पुलिस आयुक्त फतेहाबाद प्रीता ने बताया कि थाना फतेहाबाद के टडाव़ली में दो पक्षों में गाली-गलौज का मामला है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बैंक बकायेदारों पर प्रशासन का शिकंजाः केनरा बैंक का 67.86 लाख रुपये का कर्ज न चुकाने पर चार बड़े डिफॉल्टर्स की अचल संपत्ति कुर्क

आगरा। बैंक ऋण की वसूली को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए केनरा बैंक की कुंडौल शाखा के चार बड़े बकायेदारों की अचल संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। उपजिलाधिकारी सदर के आदेश के अनुपालन में यह बड़ी कार्रवाई कुल 67,86,132 रुपये की बकाया धनराशि और देय ब्याज की वसूली सुनिश्चित करने के लिए की गई है। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बकायेदारों के विरुद्ध जारी वसूली प्रमाण-पत्रों के क्रम में संग्रह अमीन के माध्यम से नियमानुसार वसूली की प्रक्रिया अपनाई गई थी, लेकिन भुगतान न किए जाने पर 18 नवंबर 2026 को अचल संपत्ति कुर्की अधिपत्र जारी कर इन बकायेदारों की कृषि भूमि व संपत्तियों को कुर्क कर लिया गया।

कुर्क की गई संपत्तियों के विवरण के अनुसार, पुराना तनौरा (डौकी) निवासी कंचन सिंह पुत्र पातीराम पर दो मांग पत्रों के तहत 11,40,804 रुपये व ब्याज बकाया होने पर मौजा तनौरानूरपुर मुस्तकिल स्थित कुल 7.0130 हेक्टेयर भूमि (बकायेदार के यथाभाग के अनुसार) कुर्क की गई है। इसी तरह तनौरा नूरपुर निवासी चिरंजी लाल पुत्र ज्योती राम पर 8,65,458 रुपये व ब्याज बकाया होने पर मौजा तनौरानूरपुर मुस्तकिल की 0.2716 हेक्टेयर भूमि तथा बिसरना (डौकी) निवासी ज्ञान सिंह पुत्र चन्दन सिंह पर 13,80,146 रुपये व ब्याज बकाया होने पर मौजा बिसरना स्थित कुल 1.2270 हेक्टेयर भूमि अटैच की गई है।

# 10 साल से मानदेय में इजाफा नहीं, कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

**1 दिसंबर से प्रदेशव्यापी हड़ताल की चेतावनी**






- 10 साल से मानदेय नहीं बढ़ने पर कर्मचारियों में आक्रोश, आठ सूत्रीय मांगों को लेकर खोला मोर्चा
- 1 दिसंबर से प्रदेशभर में ठप करेंगे विभागीय कामकाज, 7 दिसंबर को घेराव की चेतावनी
- कैशलेस इलाज, 20 लाख का बीमा और 10 प्रतिशत सालाना बढ़ोतरी की मांग उठाई

❍ टीएनएफ टुडे, आगरा।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। पिछले 10 वर्षों से मानदेय में बढ़ोतरी न होने और आठ सूत्रीय मांगों पर सुनवाई नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से पंचायती राज विभाग के निदेशक एवं मिशन निदेशक को ज्ञापन सौंपा।

कंसलटेंट एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (सेवा) के बैनर तले जिला कंसलटेंट, लेखाकार, खंड प्रेरक और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने एकजुट होकर अपनी मांगें उठाईं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से मांगें रखे जाने के बावजूद निदेशालय स्तर पर केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के न्याय और सम्मान की लड़ाई संवैधानिक तरीके से जारी रहेगी।

कर्मचारियों ने सभी स्तरों पर मानदेय गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित करने और प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग की है। इसके अलावा पांच लाख रुपये तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा, 20 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, मृतक कर्मचारियों के परिवारों को आर्थिक सहायता, महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश, एचआर पॉलिसी लागू करने, पारस्परिक स्थानांतरण की व्यवस्था और मानदेय से काटे गए जीएसटी एवं सर्विस टैक्स की वापसी की मांग उठाई है।

प्रदेश अध्यक्ष अनिल केसरी के अनुसार, 28 नवंबर को कर्मचारी सामूहिक कार्य बहिष्कार करेंगे। 29 नवंबर को जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपेंगे और 30 नवंबर को उपनिदेशक पंचायत के माध्यम से निदेशक को मांगपत्र भेजेंगे। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं होने पर 1 दिसंबर से प्रदेशभर में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कर्मचारी पूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे।

संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होने की स्थिति में 7 दिसंबर को पंचायती राज निदेशालय और पंचायती राज मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा।

# रबी फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**आगरा।** विपरीत मौसमी परिस्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों की आय को सुरक्षित रखने के लिए कृषि विभाग ने रबी फसल बीमा योजना के दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी मौसम की अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 निर्धारित की गई है, जिसके लिए जनपद में एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में अधिकृत किया गया है। जनपद के लिए रबी मौसम में गेहूं, चना, सरसों और आलू की फसलों को अधिसूचित किया गया है। निर्धारित दरों के अनुसार, गेहूं के लिए बीमित राशि 88,400 रुपये प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम (1.5 प्रतिशत) 1,326 रुपये, चने के लिए बीमित राशि 96,100 रुपये और प्रीमियम (1.5 प्रतिशत) 1,441.50 रुपये, सरसों के लिए बीमित राशि 1,15,000 रुपये और प्रीमियम (1.5 प्रतिशत) 1,725 रुपये तथा आलू के लिए बीमित राशि 2,24,000 रुपये प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम (5.0 प्रतिशत) 11,200 रुपये देय होगा।

विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनपद के ऐसे समस्त ऋणी कृषक, जो इस बीमा योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं, उन्हें अंतिम तिथि से सात दिन पूर्व यानी 24 दिसंबर 2026 तक

- योजना से बाहर रहने के लिए 24 दिसंबर तक देनी होगी असहमति
- प्राकृतिक आपदा से नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर टोल फ्री

अपनी संबंधित बैंक शाखा को लिखित रूप से सूचित करना अनिवार्य होगा। यदि किसान तय तिथि तक लिखित असहमति नहीं देते हैं, तो बैंक द्वारा पात्र कृषक के खाते से प्रीमियम की कटौती कर उन्हें स्वतः ही बीमित कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त गैर-ऋणी किसान जन सेवा केंद्र, संबंधित बैंक अथवा स्वयं एनसीआईपी पोर्टल के माध्यम से 31 दिसंबर तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं।

कृषि विभाग ने किसानों को सतर्क करते हुए कहा है कि ओलावृष्टि, भारी बारिश या किसी भी स्थानीय आपदा से फसल क्षति होने की स्थिति में मुआवजे का लाभ तभी मिलेगा, जब बीमित किसान आपदा के 72 घंटे के भीतर योजना के टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल करने के साथ-साथ कृषि विभाग में भी लिखित रूप से सूचना दर्ज कराएं। योजना से जुड़ी किसी भी अधिक जानकारी या सहायता के लिए किसान एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी की जनपद प्रतिनिधि रवीना चौधरी के मोबाइल नंबर 8529766209 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन का सुनहरा मौका

**28 व 29 नवंबर को सभी बूथों पर विशेष अभियान, तैनात रहेंगे बीएलओ**

❍ टीएनएफ टुडे, आगरा।

- 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भर सकेंगे फॉर्म-6; 16 दिसंबर तक जमा किए जा सकेंगे दावे और आपत्तियां

भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के कार्यालयों और जिला निर्वाचन कार्यालय में किया जा चुका है। प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि जो भी पात्र नागरिक 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं अथवा कर चुके हैं, वे आगामी 16 दिसंबर 2026 तक अपने मतदान केंद्रों पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को कार्य अवधि में निर्धारित फॉर्म-6, 6ए, 7 व 8 भरकर जमा करा सकते हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए आगामी 28 नवंबर (शनिवार) और 29 नवंबर (रविवार) को विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें समस्त बीएलओ अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिन पात्र नागरिकों का नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे अपने निकटतम मतदेय स्थल पर पहुंचकर निःशुल्क फॉर्म-6 प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन के साथ एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर, आयु प्रमाण-पत्र, निवास का पता और परिवार के किसी एक सदस्य के मतदाता फोटो पहचान पत्र (एढक्ह) की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, जो मतदाता स्थायी रूप से अन्यत्र चले गए हैं या जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम सूची से हटाने के लिए फॉर्म-7 भरा जाएगा, जबकि नाम, पते या अन्य विवरणों में किसी भी प्रकार का संशोधन कराने के इच्छुक मतदाता आवश्यक साक्ष्यों सहित फॉर्म-8 भरकर अपने मतदेय स्थल पर उपस्थित बीएलओ अथवा तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केंद्र पर जमा करा सकते हैं।

# 43 घंटे से लापता किसान का खेत में मिला शव

**शरीर पर चोटों के निशान से हत्या की आशंका**



- खेत की रखवाली करने गया था पुनीत त्यागी, चारपाई से अचानक हुआ था लापता
- सरसों की फसल के बीच पड़ा मिला शव, ग्रामीणों ने गला दबाकर हत्या की जताई आशंका
- घटनास्थल पर डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक टीम तैनात, पुलिस खंगाल रही हत्या के सुराग

❍ टीएनएफ टुडे, सैंया।

थाना सैंया क्षेत्र के कस्बा लादूखेड़ा में दो दिन से लापता चल रहे एक किसान का शव शुक्रवार शाम उसी के खेत के बीचों-बीच में पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वाड व फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया है।

थाना सैंया के गांव लादूखेड़ा निवासी पुनीत त्यागी (40) पुत्र जगदीश त्यागी बुधवार रात अपने खेत की रखवाली करने के लिए गए थे और वहीं पड़ी चारपाई पर सो गए थे। वृहस्पति की सुबह करीब पांच बजे जब ग्रतक के बड़े भाई खेत पर पहुंचे, तो पुनीत चारपाई पर नहीं मिले। परिजनों ने आसपास के खेतों और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। एसएसआई सर्वेश कुमार ने बताया था कि पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर वृहस्पतिवार की सुबह गुमशुदगी दर्ज की गयी थी ।

गुमशुदगी के करीब 43 घंटे बाद शुक्रवार शाम करीब 5 बजे पुनीत त्यागी का शव उनके ही खेत में खड़ी 3 फुट लम्बी सरसों की फसल के बीचों-बीच पड़ा मिला। घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और परिवार में कोहराम मच गया।ग्रतक चार भाई सुरेश(विवाहित), दिनेश व महेश (अविवाहित)व सबसे छोटा ग्रतक पुनीत है । सभी भाई पिता जगदीश के साथ मिलकर खेती बाड़ी व भैसपालन का भी काम करते हैं। ग्रतक की पत्नी मंजू देवी ग्रहणी है तथा एक पुत्र अतुल 18 वर्ष व एक पुत्री सोनिया 21 वर्ष है जो पढ़ने जाती है।

सूचना मिलते ही थाना सैंया पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं, जिसके आधार पर परिजन हत्या किए जाने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच-पड़ताल कर रही है। घटनास्थल साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक टीम घटनासथल पर पहुंच गयी है तथा साक्ष्य जुटाने में लगी है।

## शादी में गया परिवार, पीछे से चोरों ने खंगाला घर, लाखों की नकदी और जेवरात पार



फतेहाबाद। बीती रात कस्बा फतेहाबाद में शादी समारोह में गए परिवार के सूने घर में ताला तोड़कर लाखों की नगदी आभूषण चोरी पुलिस जांच में जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेक कुमार पुत्र स्वर्गीय नरेंद्र कुमार निवासी शिवाजी नगर कस्बा फतेहाबाद बीती रात अपने चाचा के लड़के की शादी समारोह में आगरा शामिल होने गए थे। तभी शाम 5 :00 बजे फतेहाबाद से निकले थे और रात्रि 1:50 पर वह घर वापस आ गए थे। तभी घर पर पहुंचे तो मुख्य गेट की कुंडी टूटी हुई थी अंदर जाकर देखा तो अंदर के गेट का लॉक तोड़कर अज्ञात चोर घर में प्रवेश कर गए। घर में रखी गुल्लक, सोने चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया जहां गुल्लक में 2 लाख से ऊपर की नगदी थी। रात्रि में पीड़ित विवेक के द्वारा 112 पर पुलिस को सूचना दी जहां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की जा रही है पीड़ित के द्वारा थाना फतेहाबाद में लिखित तहरीर दी गई है। जिसमें बताया है कि दो से सवा दो लाख नगदी तथा सोने के कुंडल व जंजीर व पत्नी के पर्स में रखे हुए 5 से 6 हजार रूपए व बच्चों की गुल्लक चोर चुरा ले गए हैं। जानकारी होने पर शुक्रवार सुबह थाना फतेहाबाद पुलिस के साथ फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुँची और साक्ष्य संकलन किए गए। पुलिस के द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया जा रहा है।

TNF TODAY

टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday tnftoday

www.tnftoday.com / epaper



# कलेक्ट्रेट में डीएम मनीष बंसल का औचक निरीक्षण

## पत्रावलियों के रख-रखाव और उपस्थिति की ली जांच, टूट-फूट की तत्काल मरम्मत के आदेश

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जिलाधिकारी मनीष बंसल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालय कक्षों और न्यायालय परिसरों का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली व मूलभूत सुविधाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों पर पहुंचकर उपस्थिति पंजिका, कर्मचारियों की समयबद्ध उपस्थिति, पत्रावलियों के रख-रखाव, अभिलेखों की स्थिति, विद्युत व्यवस्था और जन-सुनवाई से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इसके साथ ही न्यायालय परिसरों में दूर-दराज से आने वाले वादकारियों के बैठने, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और परिसर की साफ-सफाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में निर्धारित समय पर उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाए और जनसामान्य के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पटल पर कोई भी फाइल अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहनी चाहिए तथा सभी अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाए। परिसर में आने वाले आम नागरिकों और वादकारियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों की व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त रखें।

निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने और जहां कहीं भी टूट-फूट दिखाई दी, उसका तत्काल मरम्मत कार्य कराए जाने के लिए जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट नाजिर को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण और जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान पर विशेष जोर दिया। इस निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) आजाद भगत सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (नगर) यमुनाधर चौहान और कलेक्ट्रेट नाजिर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वदेशी और शिल्प कला का महाकुंभ

आगरा। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में आगामी 28 नवंबर से 07 दिसंबर 2026 तक बल्केश्वर पार्क, आगरा में भव्य ह्यखादी एवं ग्रामोद्योग महोत्सव ह्न 2026ह्ल का आयोजन किया जा रहा है। इस दस दिवसीय महोत्सव का विधिवत शुभारंभ केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। महोत्सव के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए उत्कृष्ट शिल्पकारों और बुनकरों द्वारा निर्मित खादी व ग्रामोद्योग उत्पादों की विशाल प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जहां शहरवासियों को एक ही छत के नीचे शुद्ध खादी वस्त्र, आकर्षक हस्तशिल्प, ग्रामोद्योग उत्पाद और घरेलू उपयोग की वस्तुएं उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खादी व ग्रामोद्योग को बढ़ावा देना, कारीगरों और बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़कर बाजार उपलब्ध कराना तथा आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी की भावना को सशक्त करना है। खरीदारी के साथ-साथ आगंतुकों के मनोरंजन और भारतीय संस्कृति से रूबरू कराने के लिए महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी। इनमें विशेष रूप से खादी फैशन शो, ब्रज की सांस्कृतिक झलक दशार्ता मयूर नृत्य, शिवमय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भजन संध्या, संगीत संध्या और अन्य मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेंगी। आयोजकों ने समस्त जनपदवासियों से सपरिवार और मित्रों सहित महोत्सव में पधारकर शिल्पकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# मतदाताओं को ईवीएम-वीवीपैट की बारीकियां समझाने पर जोर

## डीएम मनीष बंसल ने कलेक्ट्रेट स्थित डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का किया औचक निरीक्षण

- सेंटर पर मॉक मतदान के जरिए नागरिकों को दी जा रही वोट दर्ज करने और वीवीपैट पर्ची से पुष्टि की व्यवहारिक जानकारी

टीएनएफ टुडे, आगरा।




मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) व वीवीपैट की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर अब तक आ चुके नागरिकों की संख्या, वहां तैनात कार्मिकों द्वारा दी जा रही जानकारी और मॉक मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने केंद्र पर तैनात कर्मियों को निर्देश दिए कि वहां आने वाले प्रत्येक नागरिक को मॉक मतदान कराकर वोट दर्ज करने तथा वीवीपैट पर मत की पुष्टि करने की प्रक्रिया बेहद सरल, सहज और व्यवहारिक तरीके से समझाई जाए, ताकि आमजन की निर्वाचन संबंधी सभी जिज्ञासाओं का मौके पर ही समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि इस केंद्र का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए और विशेष रूप से युवाओं तथा पहली बार मतदान करने वाले नए मतदाताओं को यहां आने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही केंद्र पर आने वाले सभी आगंतुकों का विवरण व्यवस्थित रूप से संकलित करने और मतदाता जागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (नगर)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) आजाद भगत सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा तथा अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल) अमरेंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## ग्रामीणों को बैंकिंग और सरकारी योजनाओं से जोड़ने की बड़ी पहल

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को मुख्यधारा की बैंकिंग सेवाओं और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से लीड बैंक आगरा द्वारा गुरुवार को विकासखंड बिचपुरी में एक वृहद वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण अंचल के प्रत्येक पात्र नागरिक तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करते हुए शत-प्रतिशत वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को प्राप्त करना रहा।

शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और वर्तमान समय में सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) आगरा ऋषिकेश बैनर्जी, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सुश्री निहारिका, क्षेत्रीय कार्यालय से सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) रामकृष्ण येंदुरी तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के प्रतिनिधि शमशुद्दीन सहित अन्य संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लोक संस्कृति की धुन और आधुनिक फोटोग्राफी के गुर

## शताब्दी वर्ष में ललित कला संस्थान की दो अनूठी शैक्षणिक पहलें

टीएनएफ टुडे, आगरा।



डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत ललित कला संस्थान द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, कलात्मक अभिरुचि और व्यावहारिक कौशल को निखारने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं। कुलपति प्रो. आशु रानी के संरक्षण तथा संस्थान के निदेशक प्रो. संजय चौधरी की प्रेरणा से संस्कृति भवन प्रेक्षागृह में 'लोक संस्कृति में कला एवं संगीत' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ उपनिदेशक डॉ. मनोज कुमार व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसमें समन्वयक डॉ. देवाशीष गांगुली संगीतेश ने आयोजन की रूपरेखा रखी। कार्यशाला के प्रथम सत्र में संस्थान की प्रथम निदेशिका एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध चित्रकार प्रो. चित्रलेखा सिंह ने प्रेरक काव्य पाठ के साथ 'मेरे मन आंगन से तेरे घर आंगन तक' विषय पर व्याख्यान देते हुए जनजीवन में लोक कलाओं की महत्ता को रेखांकित किया।

- संस्कृति भवन में 'लोक संस्कृति में कला एवं संगीत' विषय पर सजी राष्ट्रीय कार्यशाला; इंडियन आइडल के कलाकारों की राजस्थानी लोक धुनों पर देर शाम तक झूमे विद्यार्थी
- संजय प्लेस स्थित स्पीड कलर लैब के शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे बीएफए और एमएफए के छात्र-छात्राएं, कैमरों के संचालन से लेकर फोटो प्रिंटिंग और फ्रेमिंग की सीखीं बारीकियां

कार्यशाला के द्वितीय सत्र में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त राजस्थानी लोक संगीत कलाकार हरिओम गंधर्व ने वैदिक काल से लेकर आधुनिक लोक संगीत की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए इसे शास्त्रीय संगीत का आधार बताया। इसके उपरांत इंडियन आइडल के प्रसिद्ध कलाकार दीने खान, सुधीर एवं पवन गंधर्व सहित अन्य कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया, जिस पर देर शाम तक विद्यार्थी और श्रोता झूमते रहे।

इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों सहित श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा को 'लोक कला रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया गया तथा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए, जबकि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. महेश धाकड़ ने विषय संबोधन के साथ कार्यशाला का समापन किया।

इसी क्रम में शिक्षक दीपक कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में संस्थान के बीएफए एवं एमएफए के विद्यार्थियों को संजय प्लेस स्थित स्पीड कलर लैब का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान लैब के स्वामी संजय गोयल ने विद्यार्थियों का स्वागत किया, वहीं विवेक ने पारंपरिक व आधुनिक कैमरों के संचालन तथा फोटो प्रिंटिंग की तकनीकी जानकारी दी और श्रेयांश ने फोटो फ्रेमिंग के व्यावहारिक पहलुओं का प्रदर्शन किया। भ्रमण के अंत में लैब की ओर से विद्यार्थियों को उनकी सामूहिक तस्वीर फ्रेम कर स्मृति-चिह्न के रूप में भेंट की गई। मंच संचालन डॉ. वैशाली शर्मा व प्रबंधन डॉ. कल्याणी गुप्ता ने संभाला; इन दोनों आयोजनों ने विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई।

# बटेश्वर की पावन धरा पर गूंजा पत्रकार एकता का शंखनाद

## - कलमकार संगम में उमड़ा पत्रकारों का सैलाब

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ऐतिहासिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी बटेश्वर की पावन धरा शुक्रवार को पत्रकारिता की एकजुटता, सम्मान, स्वाभिमान और संगठनात्मक शक्ति की गवाह बनी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, जनपद आगरा के तत्वावधान में बाह क्षेत्र के प्रसिद्ध लख्खी मेले में आयोजित ह्यबटेश्वर कलमकार संगमह्ल में जिलेभर सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों पत्रकारों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कलमकारों के इस महाकुंभ में पत्रकारों ने अपनी एकजुटता का ऐसा परिचय दिया कि बटेश्वर की धरती पत्रकारिता के सम्मान और अधिकारों की आवाज से गूंज उठी। ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं, सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों और संगठन की मजबूती को लेकर हुई चर्चा ने आयोजन को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत आगरा की प्रशासक डॉ. मंजू भदौरिया एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन आगरा आजाद भगत सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि जिला सूचना अधिकारी शीलेन्द्र शर्मा और राजस्थान के सह प्रभारी श्याम सुंदर पाराशर उपस्थित रहे। अतिथियों ने पत्रकारिता के महत्व, ग्रामीण पत्रकारों की भूमिका और संगठनात्मक एकता पर अपने विचार रखे। डॉ. मंजू भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. विष्णु सिकरवार काफी समय से संगठन के लिए जिला कार्यालय की मांग कर रहे हैं। इस मांग को पूरा कराने के लिए वह पिछले एक वर्ष से प्रयासरत हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय के लिए उचित व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण अंग हैं और उनकी संगठनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। उनके इस आश्वासन से पत्रकारों में नई उम्मीद जगी।

जिलाधिकारी मनीष बंसल के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे अपर जिलाधिकारी प्रशासन आजाद भगत सिंह ने भी जिला कार्यालय की मांग को गंभीरता से सुना और स्थान उपलब्ध कराने के संबंध में सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। शासन-प्रशासन और आमजन के बीच संवाद स्थापित करने में पत्रकारों की भूमिका बेहद अहम है। ग्रामीण पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी जनसमस्याओं को सामने लाकर प्रशासन तक आमजन की आवाज पहुंचाते हैं। ऐसे आयोजन पत्रकारों के बीच संवाद और एकजुटता को मजबूत करते हैं।




विशिष्ट अतिथि जिला सूचना अधिकारी शीलेन्द्र शर्मा ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की संगठनात्मक भूमिका और ग्रामीण पत्रकारों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों को एक मंच पर जोड़ने और उनके हितों की आवाज बुलंद करने वाला महत्वपूर्ण संगठन है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले पत्रकार गांवों और कस्बों की वास्तविक समस्याओं को सामने लाने के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पत्रकारों की पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक होती है, इसलिए उनकी जिम्मेदारी भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की विश्वसनीयता निष्पक्षता, प्रमाणिकता और तथ्यों पर आधारित खबरों से कायम रहती है। पत्रकारों को अपनी लेखनी के माध्यम से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जैसे संगठन पत्रकारों को आपस में जोड़ने, अनुभव साझा करने और संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इस तरह के आयोजन पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय, सहयोग और सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देते हैं।

- सैकड़ों पत्रकारों की मौजूदगी में उठीं ग्रामीण पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की आवाज, जिला कार्यालय के लिए स्थान दिलाने की मांग पर एडीएम प्रशासन ने दिया सकारात्मक आश्वासन
- बटेश्वर की पावन धरा पर गूंजा पत्रकार एकता का शंखनाद, कलमकार संगम में उमड़ा पत्रकारों का महाकुंभ

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संयोजन कर रहे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन आगरा के जिलाध्यक्ष डॉ. विष्णु सिकरवार ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन केवल एक संगठन नहीं, बल्कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और अधिकारों की सामूहिक आवाज है। संगठन का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण पत्रकार की समस्याओं को मजबूती से उठाना और उनके सुख-दुख में साथ खड़ा रहना है। ग्रामीण पत्रकार सीमित संसाधनों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पूरी निष्ठा एवं साहस के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि जब कलमकार एक मंच पर एकजुट होते हैं तो उनकी आवाज और अधिक प्रभावशाली बनती है। बटेश्वर की ऐतिहासिक धरती पर आयोजित यह संगम पत्रकारों के बीच आपसी विश्वास, भाईचारे और समर्पण को नई ऊर्जा देने वाला साबित हुआ है। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

राजस्थान के सह प्रभारी श्याम सुंदर पाराशर सहित अन्य अतिथियों ने भी पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने, निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता करने तथा संगठन की एकजुटता को मजबूत बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और उनकी लेखनी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की ताकत रखती है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिले की विभिन्न तहसीलों से पहुंचे पदाधिकारियों, सदस्यों और पत्रकारों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। सह संयोजक एवं बाह तहसील अध्यक्ष इंद्रेश तोमर ने सभी अतिथियों और पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया, जबकि मंच संचालन जिला महामंत्री प्रमेन्द्र फौजदार ने किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत आगरा की प्रशासक डॉ. मंजू भदौरिया, एडीएम प्रशासन आजाद भगत सिंह, जिला सूचना अधिकारी शीलेन्द्र शर्मा, राजस्थान के सह प्रभारी श्याम सुंदर पाराशर, मंडल अध्यक्ष अखिलेश सक्सेना, मंडल महासचिव संत कुमार भारद्वाज, मंडल महामंत्री छत्रपाल सिंह एवं प्रभात कुमार, गौसेवक गोपाल ठाकुर, जिला संरक्षक राजेंद्र शुक्ला, जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. विष्णु सिकरवार, सह संयोजक एवं बाह तहसील अध्यक्ष इंद्रेश तोमर, जिला उपाध्यक्ष नीरज परिहार,उमेंद्र भदौरिया, अशोक शर्मा, ओमप्रकाश सविता, शिवम सिकरवार, नवीन राजावत, कमल बिहारी मुखिया,चौब सिंह सक्सेना, महावीर वर्मा, सुरेश जारौलिया, प्रमोद पाठक, प्रमोद सिंघल सहित जिलेभर से आए सैकड़ों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# कड़कड़ाती सर्दी में रैन बसेरों की हकीकत और संवेदनशीलता की परीक्षा

नवंबर के आखिरी दिनों में बदलते मौसम और बढ़ती ठंड ने एक बार फिर यह याद दिला दिया है कि सर्दी की रातें हर किसी के लिए एक जैसी नहीं होतीं। शहरों और कस्बों में जहां पक्के घरों और गर्म बिस्तरों के बीच जीवन सहज चलता है वहीं फुटपाथों स्टेशनों और चौराहों पर रात गुजारने वाले बेसहारा लोगों के लिए हर गिरता तापमान एक बड़ी चुनौती बन जाता है। प्रशासन और नगर निकायों की ओर से रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था को लेकर हर साल दावे और तैयारियों की लंबी सूची सामने आती है लेकिन जमीनी हकीकत अक्सर इन कागजी दावों का आईना दिखा देती है। कई स्थानों पर रैन बसेरों की साफ-सफाई कंबलों की कमी बुनियादी सुविधाओं का अभाव और सही समय पर जानकारी न मिल पाने जैसी समस्याएं जरूरतमंदों को उन आश्रयों से दूर रखती हैं। यह स्थिति केवल किसी एक विभाग या अधिकारी की लापरवाही का विषय नहीं है बल्कि समाज की सामूहिक संवेदना और मानवीय जिम्मेदारी से भी जुड़ी हुई है। जब तक हम किसी जरूरतमंद को देखकर केवल आगे बढ़ जाने की आदत नहीं बदलते और स्थानीय स्तर पर मदद के ठोस हाथ नहीं बढ़ाते तब तक कोई भी सरकारी योजना पूरी तरह सफल नहीं हो सकती। मौसम की इस कठोर दस्तक के बीच यह बेहद जरूरी है कि प्रशासन संवेदनशीलता के साथ रैन बसेरों की नियमित निगरानी करे और हर जरूरतमंद तक समय पर गर्म ओढ़ना तथा सुरक्षित आश्रय पहुंचाए। सर्द रातों में किसी भी व्यक्ति का जीवन सुरक्षित रह सके इसके लिए व्यवस्था की तत्परता और समाज की सक्रिय करुणा दोनों का साथ आना आज सबसे बड़ी जरूरत है।

## अनसुने प्रसंग- क्षेपक कथा

# महर्षि वेदव्यास ने कुरुक्षेत्र के युद्ध से ठीक पहले धृतराष्ट्र के मन में उठती एक गुप्त शंका को किया था शांत

महाभारत के भीष्म पर्व और उद्योग पर्व के अत्यंत दुर्लभ तथा गोपनीय अध्यायों में युद्ध के आरंभ से पूर्व महर्षि वेदव्यास और महाराज धृतराष्ट्र के बीच हुए एक मार्मिक संवाद से जुड़ी यह पावन कथा आंतरिक दृष्टि और राजधर्म के उस गुप्त मर्म को उजागर करती है जिसे बहुत कम लोग जानते हैं।

जब युद्ध की विभीषिका सिर पर खड़ी थी और कौरवों के विनाश की आशंका से महाराज धृतराष्ट्र का हृदय व्याकुल था तब उन्होंने महर्षि वेदव्यास से यह पीड़ा व्यक्त की कि वे आंखों की रोशनी न होने के कारण अपने कुल की नियति को स्पष्ट रूप से नहीं देख पा रहे हैं।

महर्षि वेदव्यास ने धृतराष्ट्र की व्याकुलता को शांत करते हुए कहा कि संसार में सबसे बड़ी अंधता आंखों की नहीं बल्कि मोह और पक्षपात की होती है जो मनुष्य को सत्य के मार्ग से भटका देती है।

उन्होंने महाराज को यह गुप्त रहस्य बताया कि यदि व्यक्ति अपने भीतर के अहंकार और पुत्रमोह का पर्दा हटा दे तो बिना नेत्रों के भी धर्म और अधर्म का स्पष्ट भेद समझा जा सकता है।

महर्षि ने यह भी स्पष्ट किया कि दिव्य दृष्टि केवल बाहरी घटनाओं को देखने का माध्यम नहीं है बल्कि वह भीतर की चेतना को जगाने वाली शक्ति भी है जो सही निर्णय लेने का साहस देती है।


धृतराष्ट्र ने जब महर्षि के इस गूढ़ वचन को सुना तो उन्हें यह बोध हुआ कि शासन और परिवार में संकट का कारण परिस्थितियों की कठोरता नहीं बल्कि समय रहते सत्य को स्वीकार न करने की हठधर्मिता होती है।

यह भी माना जाता है कि उस क्षण महर्षि वेदव्यास ने यह स्पष्ट कर दिया कि ज्ञान और विवेक का प्रकाश किसी बाहरी रूप या शारीरिक अवस्था पर निर्भर नहीं करता बल्कि आंतरिक शुद्धता से प्रकट होता है।

यह पावन और अनसुना प्रसंग हमें यह अमर सीख देता है कि जीवन में सच्ची समझ आंखों से नहीं बल्कि निर्मल विवेक और न्याय के प्रति ईमानदार दृष्टि से जन्म लेती है।

# डिग्रियां बढ़ीं, अक्ल या समझदारी नहीं!

बृज खंडेलवाल




**क्या इंजीनियर दहेज से आजाद हुआ? क्या डॉक्टर ने अंधविश्वास छोड़ दिया? टेक्नोलॉजी चांद और मंगल तक पहुंच गई, लेकिन हमारी सोच आज भी सदियों पुरानी बेड़ियों में जकड़ी है!**

क्या इंजीनियर दहेज से आजाद हुआ? क्या डॉक्टर ने अंधविश्वास छोड़ दिया? क्या ऊंची पढ़ाई ने जाति, पाखंड और पुरानी रूढ़ियों की दीवारें गिरा दीं?

टेक्नोलॉजी चांद और मंगल तक पहुंच गई, लेकिन हमारी सोच आज भी सदियों पुरानी बेड़ियों में जकड़ी है। डिग्रियां दीवारों पर चमक रही हैं, मगर दिमाग में अंधविश्वास, दहेज और दिखावे का अंधेरा कायम है!

बारात अटेंड करके लौटे एक सीनियर सिटीजन बता रहे थे, " एक बड़े शहर में एक शानदार शादी हुई। दूल्हा टेक्नोक्रेट था और सरकारी अफसर बन चुका था। दुल्हन डॉक्टर थी। दोनों ऊंची पढ़ाई कर चुके थे। एक तरफ विज्ञान की डिग्रियां थीं, दूसरी तरफ दौलत का खुला प्रदर्शन। महंगी गाड़ियां, सोने-चांदी के गहने, लाखों के तोहफे, दहेज का लेन-देन और शाही दावतें। पंडितों की लंबी फौज थी। मुहूर्त, ग्रह-नक्षत्र, पूजा-पाठ और दर्जनों रस्में थीं। हर रस्म में दिखावा और हर मेहमान के सामने रुतबे की नुमाइश!"

सवाल उठता है, इतनी पढ़ाई आखिर किस काम आई? इंजीनियरिंग और मेडिकल की डिग्रियों ने सोच क्यों नहीं बदली? विज्ञान ने मशीनें चलाना सिखाया, लेकिन दिमाग की खिड़कियां खोलना भूल गया? यह शादी केवल दो परिवारों का जश्न नहीं थी। यह हमारी शिक्षा व्यवस्था के सामने एक बड़ा सवाल थी।

शिक्षा का मकसद इंसान को आजाद करना था। उसे सवाल पूछना, तर्क करना और गलत परंपराओं को चुनौती देना सिखाना था। मगर भारत में शिक्षा ने अक्सर पुरानी बेड़ियों पर नई चमक चढ़ा दी। डिग्री मिली, नौकरी मिली, रुतबा मिला। लेकिन सोच वहीं की वहीं रह गई।

1947 में देश की साक्षरता करीब 12 से 18 प्रतिशत थी। 2025 तक सरकारी आंकड़ों में यह बढ़कर लगभग 81 प्रतिशत पहुंच गई। देश में 1,300 से ज्यादा विश्वविद्यालय हैं। 23 आईआईटी, 22 आईआईएम और सैकड़ों मेडिकल कॉलेज हैं। डिजिटल इंडिया गांव-गांव पहुंच रहा है। आंकड़े बताते हैं कि हमने लंबी छलांग लगाई है। लेकिन क्या हमारी सोच भी इतनी आगे बढ़ी?

आज भी पढ़ा-लिखा नौजवान शादी से पहले कुंडली मिलवाता है। इंजीनियर नौकरी के लिए ज्योतिषी से सलाह लेता है। डॉक्टर नजर उतारने के लिए पूजा करवाता है। मोबाइल पर लोग ग्रहों से अपना भविष्य पूछते हैं। ज्योतिष के ऐप तेजी से कारोबार बढ़ा रहे हैं। यानी अंधविश्वास खत्म नहीं हुआ। उसने बस स्मार्टफोन पहन लिया है!

सोशल एक्टिविस्ट पद्मिनी अय्यर कहती हैं, जाति, बिरादरी और मजहब का दबदबा भी कायम है। शादी हो, चुनाव हो या नौकरी, पहचान का तराजू अक्सर योग्यता से भारी पड़ता है। राजनीति में जाति और धर्म के नाम पर दुकानदारी खूब चलती है। धार्मिक आयोजन बड़े होते जा रहे हैं, लेकिन समाज के बीच दूरियां भी बढ़ रही हैं। घूंघट और बुर्के पर बहस होती है, मगर महिलाओं की असली आजादी पर ठोस काम कितना होता है?

बाल विवाह के खिलाफ कानून बने और जागरूकता अभियान भी चले। फिर भी उपलब्ध सर्वेक्षणों के मुताबिक, 20 से 24 साल की उम्र की हर पांचवीं महिला की शादी 18 वर्ष से पहले हो चुकी थी। कुछ राज्यों में यह आंकड़ा 34 प्रतिशत से ऊपर रहा है। कानून अपनी जगह है, लेकिन कई घरों में पुरानी रवायत आज भी हुकूमत करती है।

सामाजिक कार्यकर्ता शीला जी महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाज का शर्मनाक सच बताती हैं। उनके मुताबिक, करीब हर तीन में से एक विवाहित महिला ने पति से शारीरिक या यौन हिंसा झेली है। हर साल महिलाओं के खिलाफ लाखों अपराध दर्ज होते हैं। दहेज के लिए होने वाली मौतें भी हजारों में हैं। यानी रोजाना कई महिलाओं की जिंदगी बुझ जाती है। क्या यही शिक्षित समाज की पहचान है?

शादी के नाम पर कर्ज लिया जाता है। दहेज को उपहार बताकर खूबसूरत पैकिंग में पेश किया जाता है। लाखों रुपये सजावट पर खर्च होते हैं। रिश्तेदारों के सामने हैसियत का मुकाबला चलता है। बेटी को पढ़ाते हैं, लेकिन विदाई के समय सामान की सूची भी थमा देते हैं। बिहार की एक्टिविस्ट विद्या झा पूछती हैं, जब डॉक्टर और अफसर भी इस दौड़ में शामिल हैं, तो बदलाव की उम्मीद किससे करें?

नागरिक जिम्मेदारी का हाल भी कुछ अलग नहीं है। लोग जानते हैं कि सड़क पर कूड़ा फेंकना गलत है, फिर भी गंदगी फैलाते हैं। ट्रैफिक नियम पढ़े हैं, लेकिन लाल बत्ती को सलाह समझते हैं। घर चमकता है, मोहल्ला गंदा रहता है।

अधिकार सबको चाहिए, जिम्मेदारी उठाने को कोई तैयार नहीं। स्कूलों में नागरिक शास्त्र पढ़ाया जाता है, लेकिन नागरिकता का सबक अधूरा रह जाता है।

पब्लिक कमेंटेटर प्रोफेसर पारसनाथ चौधरी कहते हैं, हमारे यहां शिक्षा का मतलब अक्सर अच्छी नौकरी, मोटी तनख्वाह और ऊंचा रुतबा बन गया है। सवाल पूछने वाला बच्चा बदतमीज कहलाता है। परंपरा पर उंगली उठाओ तो संस्कृति का अपमान हो जाता है। तर्क करो तो आस्था पर हमला बताया जाता है। विज्ञान पढ़ने में कोई परेशानी नहीं, लेकिन वैज्ञानिक सोच अपनाने की बारी आए तो कदम पीछे हट जाते हैं।

असल समस्या डिग्रियों की कमी नहीं, सोच की गरीबी है। हमें ऐसे स्कूल चाहिए जो रटने के बजाय सोचने की ताकत दें। विश्वविद्यालय विवेक पैदा करें, अंधभक्ति नहीं। शिक्षा जाति की दीवारें गिराए, महिलाओं को बराबरी दे और हर इंसान को इंसान समझना सिखाए।

शिक्षा तभी सफल है, जब वह सवाल पैदा करे। जब गलत परंपराओं से टकराने का साहस दे। जब दहेज शर्म की बात बने और बेटी बोझ नहीं, बराबर की नागरिक समझी जाए।

वरना फर्क ही क्या पड़ा? पहले लोग अशिक्षा के कारण अंधविश्वास मानते थे। आज कई लोग पीएचडी और मेडिकल डिग्री लेकर वही रास्ता अपना रहे हैं।

देश की तरक्की विश्वविद्यालयों की गिनती से नहीं होगी। असली इम्तिहान हमारे घरों, शादियों, सड़कों और रोजमर्रा के व्यवहार में होगा। डिग्रियां दीवारों पर टंगी रहें और दिमाग में सदियों पुरानी जंजीरें पड़ी रहें, तो इसे प्रगति नहीं कहते।

आखिर सवाल यही है: क्या हमारी शिक्षा इंसान बना रही है, या सिर्फ महंगे पैकेज वाले आधुनिक सामंती लोग तैयार कर रही है?

# माँ के सपने, बेटी का विश्वास और दुनिया का ताज

प्रोफेसर स्वामी ध्यान प्रेम



किसी प्रतियोगिता का ताज उस सोच को चुनौती दे सकता है, जो स्त्री की पहचान को विवाह और मातृत्व की सीमाओं में बाँधती है। 24 नवंबर 2026 को प्यूर्टो रिको की राजधानी सैन जुआन में यही अर्थ एक ऐतिहासिक क्षण के साथ सामने आया। प्यूर्टो रिको की जेनिफर बारेटो ने मिस यूनिवर्स का 75वाँ खिताब जीता। इसमें 116 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का ताज जीतने वाली पहली माँ और पहली विवाहित महिला बनीं।

यह उपलब्धि इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि मातृत्व को महिला की प्रतिभा और आकांक्षाओं के विरुद्ध खड़ा नहीं किया जा सकता। जेनिफर विवाहित हैं और उनकी सात वर्षीय बेटी पेनेलोप है। बेटी और परिवार के साथ उनकी खुशी की तस्वीरें इस जीत को निजी स्पर्श देती हैं। इस दृश्य को गढ़े हुए संवाद की जरूरत नहीं।

जेनिफर की यात्रा असाधारण है। इससे पहले उन्होंने सौंदर्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया था। उपलब्ध प्रकाशित विवरणों के अनुसार, उन्होंने फरवरी 2026 में पहली बार रैंप पर कदम रखा और उसी वर्ष जून में राष्ट्रीय खिताब हासिल किया। नवंबर की जीत ने इस यात्रा को नया अर्थ दिया। इसके पीछे तैयारी, अनुशासन, आत्मविश्वास और अवसर पहचानने का साहस था; इसे चमत्कार कहना उनके परिश्रम को छोटा करना होगा।

उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि कहानी को व्यापक बनाती है। जेनिफर ने मनोविज्ञान में स्नातक तथा मनोविज्ञान और सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की है। उन्हें आघात-हस्तक्षेप, बाल संरक्षण, घरेलू हिंसा रोकथाम और आत्महत्या-निरोध का प्रशिक्षण मिला है। उन्होंने अमेरिकी सेना से जुड़े कार्यक्रमों में परिवारों और जरूरतमंद समुदायों के साथ काम किया है। इसीलिए उनका सार्वजनिक मंच केवल सौंदर्य प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहना चाहिए; वह मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सामुदायिक कल्याण पर संवाद का अवसर भी बन सकता है।

प्रतियोगिता के नियमों का बदलना भी अहम है। मिस यूनिवर्स संगठन ने 2023 से विवाहित महिलाओं और माताओं को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति दी। इससे पहले विवाह और मातृत्व पात्रता की बाधाएँ थे। नियम बदलने का अर्थ है कि वैवाहिक या पारिवारिक स्थिति के कारण अवसर बंद नहीं होना चाहिए। स्त्री का मूल्य रूप या मातृत्व से तय नहीं होता; शिक्षा, कौशल, विचार और आकांक्षाएँ भी उसकी पहचान हैं।

विजेता गाउन की कहानी एक और मानवीय आयाम देती है। प्यूर्टो रिको के डिजाइनर लुईस एंटोनियो की बनाई सफेद और चाँदी की पोशाक के निर्माण में कई स्थानों के लोगों का श्रम जुड़ा। प्रकाशित विवरणों के अनुसार, प्रारूप प्यूर्टो रिको में तैयार हुआ, न्यूयॉर्क में उसका तकनीकी रूपांतरण और कपड़े की कटाई हुई, जबकि भारत में कारीगरों ने सफेद, चाँदी और पारदर्शी सजावटी मोतियों तथा पत्थरों की हाथ से कढ़ाई की। अंतिम संयोजन प्यूर्टो रिको में हुआ। चमकती पोशाक के पीछे भारतीय कारीगरों की कुशल उँगलियाँ भी थीं—सीमाओं के पार जुड़ी मेहनत का उदाहरण।

भारत की प्रतिनिधि केरल की 19 वर्षीय काजिया लिज मेजो भी इस प्रतियोगिता में शामिल हुईं। वह शीर्ष 30 तक पहुँचीं, लेकिन शीर्ष 12 में स्थान नहीं बना सकीं। उनकी भागीदारी का सम्मान होना चाहिए; किसी प्रतिभागी का मूल्य केवल अंतिम स्थान से तय नहीं होता।

यह कहानी समाज से पूछती है: क्या हम अपनी बेटियों और बहुओं को विवाह तथा मातृत्व के बाद भी सीखने, काम करने, नेतृत्व करने और अपने सपने चुनने की स्वतंत्रता देते हैं? मातृत्व प्रेम और जिम्मेदारी का संबंध है, पहचान का कारावास नहीं। परिवार का सहयोग, साझा देखभाल और सुरक्षित कार्यस्थल सपनों को सहारा देते हैं।

सौंदर्य प्रतियोगिता की चमक के बीच यह भी याद रखना चाहिए कि किसी महिला की उपलब्धि को केवल चेहरे, शरीर या मंचीय प्रस्तुति से नहीं आँकना चाहिए। जेनिफर की कहानी का स्थायी पक्ष उनकी शिक्षा, सामाजिक सेवा का अनुभव, तैयारी और अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता है। ताज उन्हें एक वैश्विक मंच देता है; उस मंच का सार्थक उपयोग तभी होगा, जब वह उन लोगों की आवाज भी बने जिन्हें मानसिक स्वास्थ्य, हिंसा, असुरक्षा या सामाजिक उपेक्षा से जूझना पड़ता है। यही जिम्मेदारी किसी सार्वजनिक सम्मान को निजी सफलता से आगे ले जाती है।

बेटी के लिए यह दृश्य तयशुदा भविष्य का आदेश नहीं, विकल्पों की संभावना है। वह अपनी राह स्वयं चुन सके—यही असली प्रेरणा है।

जेनिफर का ताज एक प्रतियोगिता का परिणाम है; उससे निकला संदेश उससे बड़ा है। हर माँ को मंच पर मुकुट पहनना जरूरी नहीं, लेकिन हर माँ को अपने जीवन के फैसलों में सम्मान और अवसर मिलना चाहिए। बेटी के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा केवल माँ की जीत नहीं, माँ का आत्मसम्मान, उसका परिश्रम और अपने व्यक्तित्व को जीवित रखने का साहस है। सुंदरता का अर्थ किसी एक चेहरे या माप में सीमित नहीं किया जा सकता। गरिमा तब खिलती है, जब स्त्री को अपनी पूरी पहचान के साथ आगे बढ़ने दिया जाए। समाज की प्रगति तभी है, जब महिलाएँ बिना भय और भेदभाव के अपने सपनों की राह स्वयं चुन सकें।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 29 नवंबर 2026 रविवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज वृष मिथुन कर्क सिंह धनु और मीन राशि के जातकों का मानसिक मनोबल और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। रविवार का दिन जगत के प्रकाशदाता भगवान सूर्य नारायण की आराधना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन प्रातःकाल सूर्य देव को लाल चंदन अक्षत और लाल पुष्प मिश्रित जल से अर्घ्य देने तथा आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करने से जीवन के सभी रोग शोक और नकारात्मकता दूर होती है तथा उत्तम स्वास्थ्य तेज मान सम्मान और आत्मबल की प्राप्ति होती है।

### मेष

आज कार्यक्षेत्र में आपके पराक्रम और नेतृत्व क्षमता की खुलकर सराहना होगी जिससे आपका प्रभाव काफी बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में किए गए पूर्व प्रयासों से अचानक बड़ा धन लाभ होने की पूरी संभावना बन रही है। सूर्य देव को लाल पुष्प अर्पित करें जिससे आपके सभी संकट दूर हों।

### वृष

आज व्यापार में किसी नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने का बहुत ही अनुकूल समय है और वरिष्ठ अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन में सुख और शांति का वातावरण बना रहेगा जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। मंदिर में गुड़ और गेहूं का दान करें जिससे आपके भाग्य के द्वार खुलेंगे।

### मिथुन

आज आपकी बौद्धिक क्षमता और तार्किक शक्ति से आपके सभी जटिल और रुके हुए कार्य तेजी से हल होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अध्ययन और प्रतियोगिता परीक्षा में बड़ी सफलता दिलाने वाला रहेगा। आदित्य हृदय स्तोत्र का नियमित पाठ करें जिससे आपकी संपत्ति और कार्यकुशलता में वृद्धि हो।

### कर्क




आज भूमि भवन या अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय से जुड़ा कोई रुका हुआ मामला सुलझने से मन में उत्साह रहेगा। माता-पिता का भरपूर स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त होगा जो आपके लिए बहुत लाभदायक रहेगा। सूर्य देव को लाल चंदन अर्पित करें जिससे आपके घर में सुख समृद्धि का वास हो।

### सिंह

आज समाज और कार्यक्षेत्र में आपके वर्चस्व तथा मान-सम्मान चरम पर होगा और विरोधी आपके सामने टिक नहीं पाएंगे। आय के नए स्रोत बनने से आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत और सुदृढ़ होगी। सूर्य देव के समक्ष शुद्ध घी का दीपक जलाएं जिससे आपके यश और कीर्ति में वृद्धि हो।

### कन्या

आज आपकी आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा और लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिलेगा। व्यापारियों को नए व्यावसायिक अनुबंध मिलने की पूरी संभावना बन रही है। किसी जरूरतमंद को लाल फल और भोजन दान करें जिससे आपके मार्ग की सभी रुकावटें दूर हों।

### तुला

आज कला संस्कृति और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े जातकों को बड़ी सफलता मिलेगी और भरपूर जनसमर्थन प्राप्त होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के साथ किसी मांगलिक कार्य में भाग लेंगे। मंदिर में तांबे के पात्र में जल अर्पित करें जिससे आपके जीवन में शांति बनी रहे।

### वृश्चिक

आज आपके सोचे हुए सभी शासकीय और कानूनी कार्य बिना किसी रुकावट के समय पर पूरे होंगे। अपने स्वास्थ्य का थोड़ा ध्यान रखें और दिनचर्या को पूरी तरह संयमित रखने का प्रयास करें। सूर्य मंत्र का जप करें जिससे आपके सभी विरोधी शांत रहें।

### धनु

आज भाग्य का पूरा साथ मिलने से आपके सभी अटके हुए प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ेंगे और मन प्रफुल्लित रहेगा। धार्मिक गतिविधियों और सेवा कार्यों में आपकी गहरी रुचि रहेगी जिससे आत्मिक शांति मिलेगी। मंदिर में शुद्ध घी का दीपक जलाएं जिससे आपके मार्ग प्रशस्त हों।

### मकर

आज नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के बहुत ही सुंदर योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई पुराना विवाद आपसी बातचीत से सुलझ सकता है। रविवार का व्रत रखें जिससे आपके करियर की बाधाएं समाप्त होंगी।

### कुंभ

आज आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और किसी महत्वपूर्ण यात्रा का योग बनेगा। व्यावसायिक साझेदारों के साथ संबंध मजबूत होंगे जिससे व्यापार में बड़ा मुनाफा मिलेगा। सूर्य चालीसा का पाठ करें जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हो।

### मीन

आज आर्थिक लेन-देन में पूरी सावधानी बरतें और किसी भी अनजान योजना में सोच-समझकर ही पैसा लगाएं। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा और जीवनसाथी का पूरा सहयोग आपके साथ बना रहेगा। सूर्य देव के चरणों में प्रणाम करके दिन की शुरुआत करें जिससे आपके सभी मानसिक तनाव दूर हों।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

रविवार के दिन घर की पूर्व दिशा को पूरी तरह स्वच्छ रखकर वहां तांबे का सूर्य यंत्र स्थापित करने तथा मुख्य द्वार पर स्वच्छता बनाए रखने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा भगवान सूर्य देव की कृपा से घर में तेज ऊर्जा मान सम्मान और स्थायी सुख-शांति का वास होता है।

# अतिक्रमण पर निगम का बुलडोजर एक्शन

## बाजारों से ठेले-काउंटर और अवैध होर्डिंग ध्वस्त

- 40 ठेले, 35 अवैध होर्डिंग और 5 घोड़ा-बग्गियां हटाईं
- प्रतिबंधित पॉलीथिन और गंदगी फैलाने वालों पर भी कसा शिकंजा
- अभियान में 9,500 रू. का जुर्माना, अतिक्रमणकारी दुकानदारों को सख्त चेतावनी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से अभियान चलाया।प्रवर्तन दल की औरंगाबाद जोन, सिटी जोन एवं भूतेश्वर जोन की टीमों द्वारा विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटा दिए।



अभियान के अंतर्गत औरंगाबाद जोन एवं सिटी जोन की संयुक्त टीम द्वारा भूतेश्वर तिराहा से बीएसए कॉलेज, नया बस स्टैंड, एसबीआई चौराहा, टैंक चौराहा, सिविल लाइन एवं वेटरनरी कॉलेज तक कार्रवाई की गई। वहीं भूतेश्वर जोन की टीम द्वारा भूतेश्वर तिराहा से कृष्ण जन्मभूमि नंबर-1 गेट, डीग गेट, गोविंद नगर थाना, अग्रसेन चौक, जयसिंहपुरा एवं बिरला मंदिर होते हुए एसकेएस फार्म हाउस तक अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथों पर अवैध रूप से रखे गए सामान को हटवाते हुए कुल 40 ठेले/धकेल, 05 काउंटर एवं 05 घोड़ा-बग्गी हटाई गईं। इसके अतिरिक्त कार्रवाई के दौरान 02 लकड़ी की टेबल, 01 लोहे का जाल, 01 खाली 5 किलोग्राम का गैस सिलेंडर, 01 दो किलोग्राम का बाट, 01 एक किलोग्राम का बाट, 05 बैनर/बोर्ड, 03 पन्नी/तिरपाल, 03 बांस एवं 05 प्लास्टिक की टोकरियां जब्त की गईं। साथ ही 35 अवैध होर्डिंग हटाए गए तथा 07 अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में गुरुवार को भी अभियान चलाया गया । कल चलाए गए अभियान में स्टेट बैंक मेन ब्रांच से धौली प्याऊ तक अतिक्रमण, प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं गंदगी के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई।

अभियान के अंतर्गत धौली प्याऊ के संपूर्ण कमर्शियल मार्केट क्षेत्र में व्यापक कार्रवाई करते हुए दुकानों के बाहर एवं सड़क मार्गों पर रखे अवैध सामान, काउंटर एवं ठेले आदि को हटवाया गया। साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करने एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध ?4,000, गंदगी फैलाने वालों पर ?1,000 तथा अतिक्रमण के विरुद्ध ?4,500 का जुमार्ना लगाया गया। इस प्रकार कुल ?9,500 का जुमार्ना किया गया। इसके अतिरिक्त 01 लकड़ी का काउंटर, 01 छोटा लोहे का काउंटर, 01 प्लास्टिक स्टूल, 10 बोर्ड एवं 12 ठेले/धकेल सहित अतिक्रमण से संबंधित सामग्री जब्त की गई।

नगर निगम के नगर आयुक्त ने व्यापारियों एवं दुकानदारों से अपील की गई कि वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सड़क एवं फुटपाथ पर सामान न रखें, प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर अवैध ढाबों की खैर नहीं

## स्कूली वाहनों से लेकर ओवरलोडिंग तक पर प्रशासन का शिकंजा

- फिटनेस खत्म होने वाले स्कूली वाहनों पर होगी कार्रवाई, चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य
- यमुना एक्सप्रेस-वे के अवैध ढाबों पर गिरेगी गाज, रुकने वाले वाहनों के कटेंगे चालान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्कूलों के वाहनों की फिटनेस समाप्त है, उन स्कूलों के वाहनों की अनिवार्य रूप से फिटनेस कराए तथा पालन न करने वाले के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करे। उन्होंने स्कूल के वाहनों के चालकों का पुलिस वेरीफिकेशन कराने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला खनन अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को ओवरलोडिंग, डग्गेमार वाहनों, अनाधिकृत वाहनों आदि पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एक्सप्रेस-वे एवं नेशनल हाईवे पर नियमित दूरी में साइन बोर्ड स्थापित करें। सावधानी से चलने, मोबाइल का प्रयोग न करे, सीट बेल्ट लगाने, धीमी गति से चले, स्पीड लिमिट का पालन करने आदि हेतु सूचना अंकित हो। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने यमुना एक्सप्रेस-वे के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुना एक्सप्रेस-वे के अगल-बगल अनाधिकृत ढाबों एवं दुकानों के संचालन पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करे तथा उन स्थलों पर रुकने वाले वाहनों के चालान किए जाए। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए इस प्रकार के सभी अवैध स्थानों पर वाहन रुकने की कार्यवाही को सख्ती से अनुपालन करवाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को एनएच 19 पर स्थित समस्त ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने रंबल स्ट्रिप, रेडियम स्टीकर/ स्ट्रिप, स्पीड टेबल, कैट आई आदि का प्रयोग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनएच तथा एक्सप्रेस-वे पर एंबुलेंस एवं हॉस्पिटल की मैपिंग सुनिश्चित करें तथा कैशलैस चिकित्सा आदि हेतु कार्य करे।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि पुराने वाहनों की ससमय स्क्रैप कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि थानों में जमा विभिन्न वाहनों को नियमानुसार स्क्रैप कराए। जिलाधिकारी ने सड़कों/मार्गों पर हुए अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह, एसपी यातायात राजेश कुमार तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह, एस0पी0 यातायात राजेश कुमार तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# धमकियां बेअसर, तेवर बरकरार!

## मथुरा में टकराव की हुंकार! 6 दिसंबर को ईदगाह ढहाने का खुला ऐलान

- कृष्णा नगर में पत्रकार वार्ता कर किया लाखों सेवकों के जुटने का दावा
- 'कृष्ण लाल हम आएंगे, गुंबद तोड़ गिराएंगे' के लगाए नारे
- पाकिस्तान से धमकियां मिलने का दावा, पुलिस-एलआईयू और एसओजी अलर्ट




टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन का बैनर लेकर चल रहे स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि छह दिसंबर को लाखों सेवक आएंगे और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बने ईदगाह को ढहाकर श्री कृष्ण के जन्मस्थान को मुक्त करा देंगे।

स्वामी सच्चिनानंद महाराज शुक्रवार को कृष्णा नगर पुलिस चौकी के सम्मुख मुकुंद रिसोर्ट में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने वार्ता में जोशीले नारे भी लगवाए। कृष्ण लाल हम आएंगे, गुम्मद तोड़ गिराएंगे। अभी नहीं तो कभी नहीं के ऐलान के साथ उन्होंने कहा कि यदि मामले को निबटाना ही था तो सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाती। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी मुस्लिम पक्षकारों से आपसी समझौता से इसे निबटाने की बात पर अमल नहीं किया। अब वह सभी सनातनियों के साथ एक लाख से अधिक लोगों के साथ कुदाल, कथोड़ा, फावडा, सब्बल लेकर जाएंगे। सभी औचार तैयार हो चुके हैं। इस मौके पर अल्मोड़ा उत्तराखण्ड के जागेश्वर धाम के पुजारी लाला बाबा व अन्य साधुओं ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति अभियान में साथ देने का ऐलान किया। एक प्रश्न के उत्तर कहा कि फलाहारी बाबा से बयान दिलवाया गया है। वह मुक्ति में उनके अभियान में हैं और आगे भी रहेंगे।

इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पाकिस्तान से कई बार धमकी मिल रही है। वह इनसे डरने वाले नहीं। पुलिस इसकी जांच करेगी। वह इन धमकियों पर लगातार एफआईआर दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह बलिदान देने को तैयार हूं। पूरा परिवार की लाशें क्यों न बिछ जांए पर श्रीकृष्ण की जन्मभूमि को मुक्त कराकर ही दम लेंगे इसमें छह दिसंबर को देश से लाखों लोगों

वार्ता होते ही पत्रकार स्थल को दर्जनों पुलिस कर्मियों ने घेर लिया। इस मौके पर एलआईयू यूनिट एवं एसओजी के जवान भी मौजूद दिखे। माना जा रहा है कि स्वामी को पुलिस अपने कब्जे में भी ले सकती है।

# गोविन्द के शतकीय तूफान में उड़ी हरीश राघव अकादमी

## अचीवर्स ने 7 विकेट से दर्ज की धमाकेदार जीत



मथुरा। जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित श्री किशोरी रमन वार्ष्णेय स्मृति जिला क्रिकेट लीग 2026 में प्रतियोगिता का नवम मैच हरीश राघव क्रिकेट अकादमी मथुरा व अचीवर्स क्रिकेट अकादमी के मध्य हरीश राघव क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।

आज सुबह हरीश राघव क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हरीश राघव क्रिकेट अकादमी की टीम निर्धारित 30 ओवर में 10 विकेट खोकर 199 रन बनाये। इसमें बल्लेबाजी करते हुए हिमांशु वर्मा ने शानदार 81, प्रशांत चौधरी ने 37, अर्चित समाधिया 36 तथा पवन परिहार ने 25 रन का योगदान दिया। अचीवर्स क्रिकेट अकादमी मथुरा की ओर से आयुष चौधरी ने 3 , मोहित सिरोही ने 3 तथा दीपक शर्मा ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उत्तरी अचीवर्स क्रिकेट अकादमी की टीम ने 20.2 ओवर मे 3 विकेट खोकर 201 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीत लिया। अचीवर्स क्रिकेट अकादमी की ओर से गोविन्द शर्मा ने शानदार 104 रन की नाबाद पारी खेली, कन्हैया पाठक ने 54 रन का योगदान दिया। हरीश राघव क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कन्हैया ठाकुर ने 2 विकेट और प्रेम चाहर ने एक विकेट लिया। मैच में अंपायर अनिल आहूजा और कमल तेजवानी रहे। स्कॉरिंग गौरव जादौन ने की। इस अवसर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित दीक्षित,अशोक कैंथवास,रोहित सिंह,पंकज शर्मा, सर्वेश राणा आदि लोग मौजूद रहे। आज के मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी पुरुष्कार गोविन्द शर्मा को दिया गया। ये जानकारी संघ के सचिव कमल चावला ने दी।

# युवा मतदाताओं को जोड़ने की मुहिम तेज

## पंजीकरण कराने वाले छात्र होंगे सम्मानित

- 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले छात्र-छात्राएं भरें फॉर्म-6
- सर्वाधिक नए मतदाता जोड़ने वाले विद्यार्थियों और संस्थानों को मिलेगा सम्मान
- ईसीआई नेट ऐप से घर बैठे कर सकेंगे ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

स्वीप टीम द्वारा एसबीएस कॉलेज, जावरा, मांट में ईएलसी क्लब गठन एवं नवीन मतदाता पंजीकरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्वीप को-ऑर्डिनेटर डॉ. दीन दयाल एवं मांट विधानसभा स्वीप को-ऑर्डिनेटर डॉ. रोली तिवारी द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार मांट अंचल सिंगला उपस्थित रही, जिसमें उन्होंने कहा कि अधिकतम नवीन मतदाता पंजीकरण कराने में सहयोग देने वाले छात्र-छात्रा को तहसील स्तर पर सम्मानित किया जाएगा तथा मांट विधानसभा में सर्वाधिक नवीन मतदाता पंजीकरण कराने वाले संस्थानों को भी सम्मानित किया जाएगा।

01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूरी करने जा रहे छात्र-छात्रा या जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है, वे छात्र-छात्रा नवीन पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 भरें। अपने बहन-भाई, पड़ोसियों आदि पात्र नवीन मतदाताओं को फॉर्म- 6 भरने के लिए प्रेरित करें।

जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ. दीन दयाल ने कहा के ऑनलाइन फॉर्म- 6 भरने के लिए उन्हें अपने मोबाइल की गैलरी में अपना पासपोर्ट साइज का फोटो, अपना आधार कार्ड तथा माता/पिता की वोटर आईडी का फोटो उपलब्ध रखना है। गूगल प्ले स्टोर से ईसीआई? नेट ऐप इंस्टॉल करना है। ईसीआई? नेट पर फॉर्म- 6 वाले आइकन पर क्लिक करके मांगी गई सूचनाओं को भरना है तथा तथा प्रमाण के लिए आधार कार्ड, फोटो तथा माता या पिता की वोटर आईडी अटैच करना है।

सबमिट करने के बाद रेफरेंशियल कोड वाला मैसेज आएगा इसको अपने महाविद्यालय को प्रेषित करना है। मांट विधानसभा स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ. रोली तिवारी ने ईएलसी गठन संबंधी प्रक्रिया को समझाया।

मतदाता जागरूकता हेल्प डेस्क स्थापित कराई तथा हेल्प डेस्क के माध्यम से ईएलसी के सदस्यों द्वारा छात्रों फार्म 6 की प्रक्रिया समझना बताया। कार्यक्रम को कराने में महाविद्यालय प्रशासन, प्राध्यापकों का सहयोग रहा।



# गऊ ग्राम में सीएम योगी का महा-आगमन

## गौ विज्ञान के कई भव्य प्रकल्पों का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

**मथुरा।** दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के तत्वावधान में निर्मित विभिन्न प्रकल्पों का लोकार्पण एवं शिलान्यास उत्तर प्रदेश के मुखमंत्री योगी आदित्यनाथ कल (शनिवार) को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, गऊ ग्राम, परखम, फरह में करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए गऊ ग्राम, परखम में तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी का सुरक्षा दस्ता यहां पहुंच गया।

मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल और सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। समिति द्वारा मुख्यमंत्री और अन्य वीवीआईपी अतिथियों के आगमन को देखते हुए उनके स्वागत की तैयारियां कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री के उदबोधन के लिए मंच और पंडाल बनकर तैयार हो गया है। वीआईपी लोगों, पत्रकार, विशिष्ट अतिथियों और आगंतुकों के लिए अलग- अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रातः 10 बजे से दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र गऊ ग्राम परखम फरह में पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का विमोचन, अनुवादात्मक चिकित्सा में आयुर्वेद और पंचगव्य अनुसंधान केंद्र और श्री नंदीश्वर छात्रावास (विधार्थी छात्रावास) का लोकार्पण करेंगे। हालांकि उनका जिला प्रशासन को आधिकारिक कार्यक्रम नहीं मिला है।

# मथुरा में अवैध कॉलोनियों पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

## 6000 वर्ग मीटर की कॉलोनी जमींदोज

- कोटा चंदन नगर में अवैध कॉलोनी की सड़क, नाली और कार्यालय ध्वस्त
- गणेशरा में भी अवैध कॉलोनी की सड़क पर चला बुलडोजर
- बिना नक्शा पास कराए प्लॉटिंग करने वालों को प्राधिकरण की सख्त चेतावनी, कार्रवाई जारी रहेगी



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों और निमार्णों के खिलाफ अभियान तेज करते हुए शुक्रवार 27 नवंबर को दो स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने कोटा चंदन नगर स्थित गौड़ केंद्र इंडस्ट्रियल एरिया और गणेशरा में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मौके पर किए गए निमार्णों को ध्वस्त कराया।

प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली कार्रवाई मौजा कोटा चंदन नगर स्थित गौड़ केंद्र इंडस्ट्रियल एरिया में की गई। यहां रोहित अग्रवाल द्वारा बिना किसी पूर्व वैधानिक स्वीकृति और मानचित्र अनुमोदन के लगभग 6000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी विकसित की गई थी। इस मामले में प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27(1) एवं 28(1) के तहत वाद संख्या 2025/0000851 दर्ज करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सम्यक विचारोपरांत 18 जून 2026 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। निर्धारित अवधि में विकासकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर शुक्रवार को प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने मौके पर पहुंचकर निर्मित सड़क नाली और कार्यालय को ध्वस्त कर दिया।

दूसरी कार्रवाई मौजा गणेशरा में सीमेंट गोदाम के पीछे खसरा संख्या 591 और 592 पर की गई। यहां भी बिना पूर्व वैधानिक स्वीकृति और मानचित्र अनुमोदन के अवैध निर्माण कर कॉलोनी विकसित की गई थी। इस मामले में प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27(1) एवं 28(1) के अंतर्गत वाद संख्या 2026/0001024 दर्ज किया था। सुनवाई के बाद 17 अगस्त 2026 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। इसके बावजूद मौके पर बनाई गई अवैध कॉलोनी की सड़क नहीं हटाई गई थी। शुक्रवार को उपाध्यक्ष के निर्देश और सचिव के नेतृत्व में प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने मौके पर पहुंचकर सड़क को ध्वस्त करा दिया।

प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एन लक्ष्मी ने स्पष्ट किया है कि अवैध कॉलोनियों और अवैध निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

बिना वैधानिक स्वीकृति और मानचित्र अनुमोदन के कॉलोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी बताने वाली निकली जासूस

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

प्रथम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मथुरा ने भाकपा माले के जिला मंत्री और फौजदारी के वकील जीसस चतुर्वेदी एडवोकेट उत्कर्ष की एक साल से जासूसी के मामले में हेमा जोशी नाम की महिला के विरुद्ध एफआईआर का आदेश दिया है । जासूसी एप एयर ड्रॉयड और सोर किड के जरिए हेमा जोशी अधिवक्ता और कम्युनिस्ट नेता जीसस चतुर्वेदी के मोबाइल फोन का न सिर्फ डाटा एसेस किया गया बल्कि फोन नॉन ऑपरेटिव होने की दशा में भी उनकी लोकेशन और बातचीत रिकॉर्ड की जा रही थी जिनमें अनेक मुवक्किलों, अधिकारियों , परिजनों, राजनैतिक कार्यकताओं से हुई नितांत निजी और गोपनीय बातचीत भी शामिल थी । उल्लेखनीय है कि जासूसी एप एयर ड्रॉयड एक हिडन एप है जो एप लिस्ट में शो नहीं होता लेकिन उस के जरिए सैकड़ों मील दूर से भी मोबाइल धारक के न सिर्फ सेट को एसेस किया जा सकता है, बल्कि फोन नॉन एक्टिव होने पर भी मोबाइल धारक की गतिविधियां और सामान्य बोलचाल का पता लग जाता है । कथित जासूस हेमा जोशी स्वयं को अधिवक्ता जीसस चतुवेर्दी की पत्नी बताती है। जीसस चतुवेर्दी एडवोकेट का आरोप है कि हाल ही में हेमा जोशी ने जासूसी एप का प्रयोग करके उनकी हत्या के लिए कतिपय विरोधियों और भाड़े के लोगों के साथ आपराधिक षडयंत्र कर उनका अपहरण भी कराया था लेकिन सफल न हो सकी थी ।

### मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिक पहुचें

**मथुरा।** जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर, 2026 तक निर्धारित है। उनहोंने बताया इस दौरान अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने तथा वर्तमान मतदाताओं को अपनी प्रविष्टियों की जांच एवं आवश्यक संशोधन कराने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में 28 नवम्बर (शनिवार) एवं 29 नवम्बर (रविवार), 2026 को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान दिवसों पर जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे। सभी बीएलओ के पास 17 नवम्बर, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची उपलब्ध रहेगी, जिसके माध्यम से नागरिक अपने नाम एवं अन्य विवरणों की जांच कर सकेंगे। इसके साथ ही बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 उपलब्ध रहेंगे, ताकि पात्र नागरिक नए पंजीकरण, नाम विलोपन संबंधी आपत्ति तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन के लिए आवेदन कर सकें। इस दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं तथा महिलाओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अतः सभी नागरिक विशेष अभियान दिवसों का लाभ उठाएं।

### गिरिराज महाराज की शरण में पहुंचे अनंत अंबानी

**मथुरा।** ब्रजभूमि की आध्यात्मिक आभा और गिरिराज महाराज की महिमा के बीच शुक्रवार को उद्योगपति अनंत अंबानी गोवर्धन धाम पहुंचे। यहां उन्होंने गिरिराज महाराज के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके आगमन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। महाराज के दरबार में सेवायतों ने अनंत अंबानी का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्हें पटका पहनाया गया और पुष्पमालाएं, फल एवं प्रसाद भेंट किए गए। इस दौरान अनंत अंबानी श्रद्धा और भक्ति के भाव में नजर आए। गोवर्धन धाम का सनातन परंपरा में विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर धारण किया था। इसी आस्था के चलते देश-विदेश से श्रद्धालु यहां दर्शन और करीब 21 किलोमीटर की सप्तकोसीय परिक्रमा करने पहुंचते हैं। ? गिरिराज महाराज के प्रमुख दर्शन स्थलों में दानघाटी मंदिर, मुकुट मुखारविंद और जतीपुरा स्थित मुखारविंद शामिल हैं। कार्तिक मास और प्रमुख धार्मिक पर्वों पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। अनंत अंबानी की इस धार्मिक यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन विशेष सतर्क रहा। उनके आगमन से गोवर्धन धाम एक बार फिर चर्चा में आ गया।

# 30 दिसंबर तक विभाग खर्च करें 95 प्रतिशत बजट-लक्ष्मी नारायण चौधरी

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



- खराब ट्रांसफार्मर 48 घंटे में बदलें, दस हजार से कम बकाया पर न काटें बिजली कनेक्शन

कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के प्रभारी मंत्री एवं गन्ना विकास व चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि उपलब्ध बजट का कम से कम 95 प्रतिशत हिस्सा 30 दिसंबर तक खर्च करें। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान खराब ट्रांसफार्मरों को 48 घंटे के अंदर बदलने तथा जर्जर बिजली के खंभों को तत्काल बदलने के निर्देश दिए। साथ ही दस हजार रुपये से कम बिजली बिल बकाया होने पर किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन नहीं काटने, अनावश्यक छापेमारी से बचने और शाम के समय निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। कृषि विभाग को किसान सम्मान निधि से वंचित पात्र किसानों को योजना से जोड़ने तथा खाद की समय से उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग को 24 घंटे एंबुलेंस सेवा सक्रिय रखने और सभी पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। दिव्यांगजनों को चिन्हित कर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ट्राईसाइकिल वितरित कराने, जल जीवन मिशन के तहत खुदाई से क्षतिग्रस्त सड़कों की समयबद्ध मरम्मत कराने तथा कार्यों में तेजी लाने को कहा। बैठक में सदर विधायक मनीष असीजा, टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर, मेयर कामिनी राठौर, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगे, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर, मुख्य विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, नगर आयुक्त प्रशांत नागर, एडीएम कल्पना जायसवाल, मोहन लाल गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## अछनेरा की कान्हा गौशाला का प्रदेश में डंका

**अछनेरा।** अछनेरा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि यहां स्थित कान्हा गौशाला को उत्तर प्रदेश शासन के पशुपालन विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 में प्रदेश के श्रेष्ठ गौआश्रय स्थलों में सम्मानित किया गया है। शासन की ओर से कान्हा गौशाला की जिम्मेदारी नगर पालिका चेयरमेन ओमवती के पति महेंद्र सिंह भगत कर रहे थे उसी देखते हुये चेयरमेन पति महेंद्र सिंह भगत को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान गौवंश संरक्षण, देखभाल और गोसेवा के कार्यों को मिली पहचान के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश स्तर पर सम्मान मिलने से गौशाला से जुड़े कर्मचारियों और जिम्मेदार अधिकारियों में उत्साह है। इस उपलब्धि से अछनेरा क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।

## पांच बच्चों का सहारा बने गुड्डू चाहर



**अछनेरा।** ब्लॉक अछनेरा क्षेत्र के गांव कचौरा निवासी 40 वर्षीय उधम सिंह पुत्र भगवान सिंह का 24 नवंबर को ब्रेन हैमरेज के चलते निधन हो गया। उनके पीछे चार बेटियां और एक बेटा है। पिता के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंता खड़ी हो गई। जानकारी मिलने पर फतेहपुर सीकरी के ब्लॉक प्रमुख पति गुड्डू चाहर ने पीड़ित परिवार की मदद के लिए शुक्रवार को पहुँचे और एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। साथ ही पांचों बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का पूरा जिम्मा उठाने की घोषणा की। गुड्डू चाहर की इस पहल से परिवार को बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने उनके इस मानवीय कार्य की सराहना की।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा

### मतदाता जोड़ो अभियान में तेजी लाने का किया आह्वान

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।




भाजपा जिला कार्यालय पर शुक्रवार को केंद्रीय राज्य मंत्री ने जिले के पूर्व पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों एवं सभी मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में संगठनात्मक कार्ययोजना पर चर्चा करने के साथ ही ह्यमतदाता जोड़ो अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने पदाधिकारियों से अभियान में तेजी लाने और अधिक से अधिक नए मतदाताओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का आह्वान किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता बेहद जरूरी है। आगामी विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर विभिन्न कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व पदाधिकारियों का समर्पण, अनुभव और उत्साह संगठन की महत्वपूर्ण ताकत है। सभी के सामूहिक प्रयासों से निर्धारित संगठनात्मक लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति, जनसेवा और केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर सहित सभी पदाधिकारियों से घर-घर जाकर नए मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने तथा उन्हें पार्टी की रीति-नीति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने पर जोर दिया। बैठकं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी गिर्राज सिंह कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी डॉ. अमित गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह लोधी, महेश राजपूत, अविनाश सिंह भोले, आकाश शर्मा, ओमेन्द्र बघेल, योगेंद्र सिंह चौहान, आकाश गुप्ता, राघवेन्द्र सिंह, डॉ. उम्मेद सिंह राजपूत, दीपक राजोरिया, सतेन्द्र भारद्वाज, पवन चक, शीलू सविता सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने पुलिस लाइन में परेड की ली सलामी

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगे ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परेड की सलामी ली। इस दौरान पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखने के लिए दौड़ लगवाई गई तथा अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई।

एसएसपी ने पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं प्रभावी बनाने के लिए यातायात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया। परेड के बाद उन्होंने परिवहन शाखा, रेडियो शाखा, बैरक, भोजनालय, कैंटीन, साइबर थाना, क्वार्टर गार्द, आर्म्स वर्कशॉप, स्टोर सहित पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक जयबिन्द गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# आईवी रॉयल्स ने जीता गर्ल्स खो-खो प्रतियोगिता का खिताब



**फिरोजाबाद।** आईवी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इंट्रा स्कूल गर्ल्स खो-खो प्रतियोगिता में आईवी रॉयल्स की टीम विजेता बनी। रोमांचक फाइनल मुकाबले में आईवी रॉयल्स ने आईवी चौलेंजर्स को एक अंक से हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में कुल चार मुकाबले खेले गए, जिनमें छात्राओं ने शानदार खेल कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

फाइनल में आईवी रॉयल्स ने 12 अंक हासिल किए, जबकि आईवी चौलेंजर्स की टीम 11 अंक ही बना सकी। जानवी गुर्जर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी रीना चौधरी ने विजेता टीम की कप्तान अनुष्का यादव और उपविजेता टीम की कप्तान मानवी गुर्जर को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। अद्रिका यादव को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट तथा मानवी गुर्जर को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला। इस दौरान रीना चौधरी ने कहा कि खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। प्रधानाचार्या डॉ. नंदिनी यादव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रतियोगिता का आयोजन सचिन कुमार की देखरेख में हुआ।

## धूमधाम से निकलेगी वीरांगना झलकारी बाई की भव्य शोभायात्रा कल




**फिरोजाबाद।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना झलकारी बाई की 196 वीं जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ 29 नवंबर को निकाली जाएगी। शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वीरांगना झलकारी बाई शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष विद्याराम शंखवार, महामंत्री केशवदेव शंखवार ने जानकारी देते हुए बताया कि झलकारी बाई की भव्य शोभायात्रा 29 नवम्बर सुबह 10 बजे वीरांगना झलकारी बाई विद्यालय, मोहल्ला झलकारी नगर से निकाली जायेगी। जो कि टापा पेठ जलेसर रोड, फिरोजाबाद क्लब चौराहा, सेंट्रल टॉकीज चौराहा होते हुए नगर निगम के सामने स्थित वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा स्थल पर पहुंचेगी और पालीवाल हॉल में सभा के रूप में परिवर्तित होगी। वार्ता के दौरान कोषाध्यक्ष श्यामसिंह शंखवार, डॉ. वी.पी. सिंह शंखवार, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय युवा कोरी/कोली समाज रोहित शंखवार, रोहित कुमार शंखवार, अभय कवीरपंथी, सुनील कुमार शंखवार, मनोज शंखवार, अमित माहौर, अनिल शंखवार और हेतसिंह शंखवार आदि मौजूद रहे।

## पीएफ का हिसाब मांगना पड़ा भारी

टीएनएफ टुडे, अछनेरा।

कंपनी से हिसाब लेने आए युवक पर जानलेवा हमला, कुल्हाड़ी से काटा कान, सरियों से तोड़ा पैर मगुर्रा में गेट पर घेरकर दौड़ाकर पीटा, सिर में चोट,एसएन मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज अछनेरा। थाना अछनेरा क्षेत्र के गांव मगुर्रा स्थित स्टोनमेन हैंडीक्राफ्ट कंपनी के बाहर 24 नवंबर को एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। सरेराह उसे दौड़ा कर पीटा गया। जिसकी घटना कंपनी के कैमरे मै कैद हुई बताई जा रही है। कंपनी से पीएफ का हिसाब लेने आए युवक को गेट पर घेरकर लोहे की सरिया और डंडे से मारपीट की गयी। हमले में युवक का कान और सिर, पैर मे गंभीर चोट आयी है । गंभीर रूप से घायल युवक के पिता महावीर पुत्र तेजसिंह निवासी गांव कचौरा का बेटा पंकज कई वर्षों से मगुर्रा स्थित स्टोनमेन हैंडीक्राफ्ट कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। बताया गया है कि कंपनी के तीन-चार युवकों से विवाद होने के कारण उसने नौकरी छोड़ दी थी। 24 नवंबर को वह कंपनी में पीएफ का हिसाब करने पहुंचा था। आरोप है कि हिसाब करने के बाद वापस लौटते समय कंपनी के गेट पर मगुर्रा और रायभा निवासी युवकों ने उसे घेर लिया। हमलावरों ने कुल्हाड़ी और सरियों से उस पर ताबड़तोड़ वार किए। जान बचाने के लिए पंकज इधर-उधर भागता रहा, लेकिन हमलावर उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटते रहे। हमले की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है घटना के दौरान पंकज के साथ मौजूद साथी भी हमलावरों के खौफ के चलते उसे बचाने का साहस नहीं जुटा सके घायल पंकज को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल के पिता महावीर ने थाना अछनेरा में आरोपितों के खिलाफ शुक्रवार को तीन नामजद करीब 4 अज्ञात के शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। एसीपी अछनेरा शैलेन्द्र सिंह ने बताया शिकायत मिली है जांच कर विधित कार्यवाही कराई जाएंगी।

# पेड़ों की सुरक्षा के लिए एकजुट हुआ पूरा तंत्र, रेड टेप मूवमेंट के तहत बांधा लाल फीता

### न्यायपालिका, एलआईयू, पुलिस, होमगार्ड्स और महिला कल्याण विभाग सहित विभिन्न संगठनों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



पर्यावरण संरक्षण और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई रोकने के उद्देश्य से जनपद में 'एंटी-डिफॉरेस्टेशन रेड टेप मूवमेंट' के तहत विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत पेड़ों पर लाल फीता बांधकर उन्हें कटने से बचाने तथा अनधिकृत कटाई के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया। इस मुहिम में न्यायपालिका, एलआईयू, उत्तर प्रदेश पुलिस, होमगार्ड्स, महिला कल्याण विभाग सहित विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अभियान के माध्यम से लोगों को बताया गया कि बढ़ते शहरीकरण और कंक्रीट के जंगलों के बीच पेड़ों का संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। पेड़ न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार भी हैं। मिशन रेड टेप मूवमेंट के संस्थापक प्रभात मिश्र ने अभियान की जानकारी और तस्वीरें साझा करते हुए लोगों से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण को केवल सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित न रखें, बल्कि पौधारोपण, पेड़ों की सुरक्षा और हरियाली बढ़ाने के लिए धरातल पर भी ठोस प्रयास करें।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) की सचिव योगेश शिवा ने कहा कि प्रत्येक पेड़ हमारी सांसों, अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा करता है। पेड़ों पर बांधा गया लाल फीता केवल प्रतीकात्मक चेतावनी नहीं, बल्कि समाज और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के दौर में पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण करने, पेड़ों की रक्षा करने और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

मिशन रेड टेप मूवमेंट के संस्थापक प्रभात मिश्र ने भी लोगों से आह्वान किया कि पर्यावरण बचाने के लिए केवल संदेश साझा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि धरती और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए व्यावहारिक कदम उठाने होंगे।

विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान में मिशन रेड टेप मूवमेंट के ब्रांड एंबेसडर एवं जन आधार कल्याण समिति के सचिव तथा डीएलएसए के पीएलवी प्रवीन कुमार शर्मा, महिला कल्याण विभाग फिरोजाबाद की संरक्षण अधिकारी अपर्णा कुलश्रेष्ठ एवं गीता कुलश्रेष्ठ, देवेंद्र कुमार सहित अनेक समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। अभियान के माध्यम से संदेश दिया गया कि पर्यावरण की रक्षा किसी एक विभाग का नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कमरे में मिला शव

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर क्षेत्र के बघेल कॉलोनी स्थित प्रकाश नगर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच आए दिन आपसी विवाद और क्लेश होता रहता था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है मृतका की पहचान रामादेवी 35 वर्ष, पत्नी मानपाल निवासी बघेल कॉलोनी स्थित प्रकाश नगर के रूप में हुई है। शुक्रवार सुबह पति मानपाल काम पर निकल गया। इसके कुछ समय बाद महिला का शव घर के कमरे में पंखे से लटका मिला। परिजनों को जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना उत्तर पुलिस की ककरऊ कोठी चौकी के प्रभारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का विरोध, पिता-पुत्र से मारपीट का आरोप

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण क्षेत्र के चंद्रवार गेट स्थित टीला मोहल्ले में दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सुरक्षा के लिहाज से दुकान पर कैमरे लगवाना एक परिवार को भारी पड़ गया। पीड़ित पक्ष ने सामने रहने वाले व्यक्ति पर कैमरे लगाने का विरोध करने, गाली-गलौज करने और पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं पिता पर लोहे की सरिया से हमला करने का भी आरोप लगाया गया है। घटना 19 नवंबर की शाम करीब पांच बजे का बताया जा रहा है। टीला पत्थर वाली गली निवासी सुधा देवी ने थाना दक्षिण पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पति रामू दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान सामने रहने वाले महेश चंद्र से विवाद हो गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सीसीटीवी कैमरे लगवाने का विरोध करते हुए आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, दुकान की सुरक्षा के लिए बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे, लेकिन सामने रहने वाला व्यक्ति इन कैमरों को लगाने का विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट की नौबत आ गई। आरोप है कि इस दौरान पिता पर लोहे की सरिया से हमला किया गया। पीड़ित परिवार ने थाना दक्षिण पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## बच्चों को संस्कारबान बनाएं, मोबाइल और रील बनाने से रोके-देवकी नंदन ठाकुर

**शिकोहाबाद।** मैनपुरी रोड स्थित अरांव में भगवती आयल इम्पोरियम का देश के प्रख्यात कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी में संस्कारों का अभाव होता जा रहा है। हमें बच्चों को संस्कारबान बनाना है। उन्होंने कहा कि आज महती आवश्यकता है कि हम अपने बच्चों को मोबाइल और रील बनाने से रोक कर उन्हें किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि आज देश में कोई मस्जिद, चर्च व अन्य धर्म स्थलों को सरकार ने अधीन में नहीं लिया है। लेकिन हमारे मंदिरों को सरकार अपने कब्जे में लिये है। उन्होंने कहा कि मंदिरों से सरकार अपना नियंत्रण समाप्त करे और सनातन बोर्ड बनाए और उस पैसे से हिंदू बच्चों को संस्कार बनाने के लिए गुरुकुल की स्थापना हो। जिससे हमारे बच्चों को संस्कार मिल सकें। उन्होंने कहा कि विकास केबल पैसा कमाने से नहीं होता है। विकास हमारे विचारों, संस्कारों और बच्चों को अच्छा बनाने से होगा। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि वे अपनी आने बाली पीढी को बचाना है तो उन्हें संस्कार दें। मंच पर शिव कुमार उपाध्याय, पारस उपाध्याय और बालाजी महंत मनीष भारद्वाज ने देवकीनंदन ठाकुर को बालाजी महाराज का चित्र भेंट किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक हरिओम यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजय यादव, रघुवर दयाल गुप्ता, चेयरमैन रानी गुप्ता, सीए अवधेश पाठक, राजीव गुप्ता, ठाकुर अश्वनी कुमार, अनुवृत यादव, अनिल बंसल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कालेज की कहकर गई छात्रा लापता, मुकदमा दर्ज

**शिकोहाबाद।** घर से कालेज पढ़ने की कह कर गई छात्रा शाम तक घर नहीं पहुंची, तो उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इसके बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दीहै।

खैरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि उसकी पुत्री 16 नवंबर को सुबह नौ बजे अपने कालेज परीक्षा देने की जाने की कह कर निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं आई तो उसकी तलाश की। जब उसका पौत्र दोपहर दो बजे उसे कालेज से लेने पहुंचा, तो पता चला कि वह कालेज आई लेकिन दस मिनट बाद ही चली गई। उसने आशंका व्यक्त की है कि उसकी बेटी को अंशुल और मोहित बघेल निवासी बिल्टीगढ़ ही बहला फुसला कर अपने साथ ले गये हैं।

## अप्रेंटिसशिप मेले में 61 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**फिरोजाबाद।** जलेसर रोड स्थित कांच उद्योग विकास केंद्र में शुक्रवार को वृहद अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में जनपद की पूजा ग्लास वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड, सन ग्लास प्राइवेट लिमिटेड, पारस ग्लासवेयर प्राइवेट लिमिटेड, मित्तल सिरेमिक प्राइवेट लिमिटेड सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों ने प्रतिभाग किया। मेले में कुल 204 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 61 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य नेहा बाजपेयी एवं कांच उद्योग विकास केंद्र के निदेशक ने चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मेले को सफल बनाने में अरविंद कुमार, अनुदेशक एवं अप्रेंटिसशिप प्रभारी, रवि कुमार, अंकित, दिनेश बाबू कनिष्ठ सहायक, अवधेश कुमार पाराशर सहित अन्य कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया।



# केंद्रीय मंत्री भाजपा कार्यालय पर हुआ स्वागत

**फिरोजाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर केंद्रीय मंत्री का पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, चुनावी रणनीति तैयार करने तथा कार्यकताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आत्मीय संवाद कर संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर मार्गदर्शन दिया और एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान महानगर जिलाध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर, महापौर कामिनी राठौर, विधायक मनीष असीजा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, सुनील शर्मा, कन्हैया लाल गुप्ता, राकेश शंखवार, पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा, आनंद अग्रवाल, प्रमोद पाल बघेल, देवेश भारद्वाज, योगेंद्र यादव बाबा, आकाश गुप्ता, शैलेंद्र कुमार गुप्ता शालू, राजेश झा, मनीष राठौर, सौरभ गुप्ता, दीपक गुप्ता कालू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त असगर पुत्र कमालुद्दीन निवासी गली नंबर सात, मोहल्ला शीशग्रान को भारत टॉकीज के पास बिजलीघर के निकट से पकड़ा। उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा संख्या 582/2026 दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल सौरभ कुमार और रिजर्व कांस्टेबल आकाश शामिल रहे।

## अवैध देशी शराब के 21 पौवों सहित एक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मक्खनपुर पुलिस ने एक युवक को अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से तेजस बुलंद ब्रांड के 21 पौवा देशी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मनीष पुत्र हमीर सिंह निवासी ग्राम चमरौली, थाना मक्खनपुर के रूप में हुई है।



बादाम और अन्य ड्राई फ्रूट्स हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। एनर्जी के साथ कई पोषक तत्व से भरपूर ड्राई फ्रूट्स हमे कई फायदे प्रदान करते हैं। आपने कई तरह के ड्राई फ्रूट का नाम सुना होगा पर क्या आप टाइगर नट के बारे में जानते हैं।

# ड्राई फ्रूट्स का राजा है टाइगर नट

किसी ने सच कहा है कि मन उदास हो तो कोई गाना गुनगुना चाहिए, बादाम का छिलका उतार कर खाना चाहिए। बादाम और अन्य ड्राई फ्रूट्स हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। एनर्जी के साथ कई पोषक तत्व से भरपूर ड्राई फ्रूट्स हमे कई फायदे प्रदान करते हैं। आपने कई तरह के ड्राई फ्रूट का नाम सुना होगा पर क्या आप टाइगर नट के बारे में जानते हैं।

टाइगर नट स्वाद के साथ कई पोषक तत्वों से भरपूर है। टाइगर नट अमेरिका में काफी ज्यादा प्रचलित है।

## क्या है टाइगर नट?

टाइगर नट को अर्थ आलमंड, चुफा नट या अर्थ नट भी कहा जाता है। इसका स्वाद बादाम की तरह नहीं होता है। इसका स्वाद थोड़ा सा नारियल की तरह होता है। मिनरल की बात करें तो इसमें कैल्शियम, कॉपर, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटैशियम और जिंक जैसे पोषक तत्व हैं। इसके साथ ही इसमें विटामिन c, d और e है। टाइगर नट में एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है जो आपके शरीर के लिए महत्वपूर्ण तत्व है।



## क्या हैं टाइगर नट्स के फायदे?

### हृदय के लिए फायदेमंद

टाइगर नट आपके हृदय के लिए बहुत फायदेमंद है। ये बेड कोलेस्ट्रॉल और दिल के खतरे को कम करता है। इसमें मौजूद मिनरल और फाइबर आपके दिल को सेहतमंद रखते हैं। इसके साथ ही हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी समस्या को भी कम करते हैं।

### पाचन के लिए फायदेमंद

टाइगर नट आपके पाचन के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर होता है जो आपके पाचन तंत्र को बेहतर रखता है। इसके साथ ही टाइगर नट के सेवन से आपको बार-बार भूख नहीं लगती है जिससे फैट भी कम होता है।

### ब्लड शुगर होती है कम

टाइगर नट में मौजूद फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट ब्लड शुगर लेवल को कम करता है। यानी फाइबर की मदद से आपका शरीर शुगर को आसानी से डाइजेस्ट करने में मदद करता है। डायबिटीज के मरीज इसका सेवन कर सकते हैं।

### हड्डियां होती हैं मजबूत

टाइगर नट में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है जो आपकी हड्डियों को मजबूत करने के लिए काफी है। इसके साथ ही कैल्शियम को डाइजेस्ट करने के लिए विटामिन ष भी इसमें मौजूद होता है जो आपके शरीर के साथ मेंटल हेल्थ को भी सेहतमंद रखता है।

टाइगर नट का सेवन कई तरह से किया जाता है। ये नट अमेरिका में ज्यादा प्रचलित है। इस नट को चॉकलेट, पास्ता या अन्य बेक्ड प्रोडक्ट में इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही टाइगर नट का आटा भी होता है जिससे कई तरह की चीज़ें बनाई जाती हैं।



# क्या है योग निद्रा? कुछ मिनटों की योग निद्रा से आप 8 घंटे की नींद ले सकते हैं

**आज की इस लाइफस्टाइल में हम कई तरह की बिमारियों का सामना करते हैं। इस व्यस्त लाइफस्टाइल के कारण स्ट्रेस और मेंटल हेल्थ की समय भी काफी अधिक बढ़ गई है। अत्यधिक स्ट्रेस होने के कारण आपको नींद की समस्या भी हो सकती है। कई लोगों को स्ट्रेस या अन्य बीमारी के कारण सही से नींद नहीं आती है। इस कारण से वे दिनभर थकान महसूस करते हैं। स्ट्रेस और बीमारियों को कम करने के लिए योग एक बेहतरीन विकल्प है। योग की मदद से आप कई तरह की समस्या से राहत पा सकते हैं। नींद न आने पर आप योग निद्रा भी कर सकते हैं। योग निद्रा आपकी नींद की समस्या को कम करेगा और आपको स्ट्रेस से राहत देगा।**

## क्या है योग निद्रा?

योग निद्रा को आध्यात्मिक नींद भी कहा जाता है। दरअसल योग निद्रा सोने व जागने के बीच की एक अवस्था है। इस अवस्था में आपके शरीर को आराम मिलता है और आपका माइंड रिफ्रेश होता है। योग निद्रा करने के बाद आपका शरीर एक ऊर्जा महसूस करता है। जिनकी नींद सही से पूरी नहीं होती है उनके लिए योग निद्रा बहुत फायदेमंद है। शुरुआत में योग निद्रा करते समय आप सो सकते हैं लेकिन धीरे-धीरे अभ्यास के ज़रिए आपको इसे ठीक से करना आ जाएगा। इसे करते समय आप जमीन पर मैट या कंबल बिछा लें। इसके बाद आप शवासन की तरह लेट जाएं। लेटने के बाद अपनी बॉडी को ढीला छोड़ दें और अपनी सांसों पर ध्यान दें। इसके बाद अपने अंतर्मन में झाकने की कोशिश करें। कुछ समय बाद आपका माइंड रिलैक्स हो जाएगा और आप शांति महसूस करेंगे। कुछ समय की योग निद्रा आपको घंटों की नींद से प्राप्त हुए आराम के सामान ही होती है। लगातार या नियमित रूप से योग निद्रा करने से आपका दिमाग पहले की अपेक्षा से कई अधिक सक्रिय हो जाता है। अगर आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आप अन्य आसनों के बाद योग निद्रा कर सकते हैं।

## क्या हैं योग निद्रा के फायदे?

- योग निद्रा की मदद से आपका दिमाग शांत हो जाता है।
- योग के अन्य आसन करने के बाद योग निद्रा करने से आपके शरीर का तापमान सामान्य हो जाता है।
- योग निद्रा की मदद से आपका कंसंट्रेशन बढ़ता है और आपका दिमाग सक्रिय होता है।
- स्ट्रेस रिलीफ के लिए योग निद्रा एक बेहतरीन विकल्प है जो आपके दिमाग को शांत करता है।
- योग निद्रा की मदद से आप अपनी मेंटल हेल्थ को भी बैलेंस कर सकते हैं।

## कैसे करें योग निद्रा?

- योग निद्रा करने के लिए सबसे पहले आप एक खुली जगह चुनें जिसमें आपको कोई डिस्टर्ब न करें।
- योग निद्रा करने के लिए ढीले कपड़े पहनें और नीचे बिछाने के लिए मैट या कंबल का इस्तेमाल करें।
- इसके बाद मैट या कंबल पर शबासन की तरह लेट जाएं और आपनी बॉडी को रिलैक्स करें।
- साथ ही अपने दिमाग को भी शांत करें और दिमाग में जो भी चल रहा है उसे भूल जाएं।
- अब अपने ध्यान को आप दाएं पंजे या पैर पर ले जाएं और कुछ सेकंड तक वहां दयां केन्द्रित करें।
- आप ध्यान को शरीर के ऊपर की ओर लाते हुए घुटनों व जांघों पर ध्यान दें।
- यह प्रक्रिया अब आप बाएं पैर पर भी अपनाएं और ध्यान केन्द्रित करें।
- इसके साथ आप अपने मध्य अंगों जैसे छाती, पेट व नाभि पर भी ध्यान केन्द्रित करने की कोशिश करें।
- सभी जगह ध्यान केन्द्रित पर आप गहरी सांस लें और शरीर को रिलैक्स करें।
- थोड़ी देर बाद आप दाहिने करवट लेते हुए, बाई ओर की नासिका से सांस बहार छोड़ दें।
- इसके बाद आपके शरीर का तापमान सामान्य स्तर पर आ जाएगा और कुछ देर बाद आप उठकर बैठ जाएं।





# कम नींद के कारण बढ़ सकती है दिल की बीमारी

कई लोगों का सोशल मीडिया का यह फेवरेट बायो है। साथ ही कई लोगों को सोना बहुत पसंद होता है। नींद हमारे शरीर के लिए बहुत ज़रूरी होती है। अगर आप पुरे एक दिन सोते नहीं हैं तो आपकी बॉडी काम करना बंद कर देती है। इंसान की बॉडी की ग्रोथ के लिए नींद एक ज़रूरी तत्व है। छोटे बच्चों को करीब 8 घंटे या उससे ज्यादा सोने की सलाह दी जाती है। साथ ही एडल्ट लोगों को 7-8 घंटे की नींद ज़रूरी होती है। कम नींद के कारण न सिर्फ आप थके हुए लगते हैं बल्कि आपके शरीर पर भी कई प्रभाव पड़ते हैं। कम नींद के कारण आप कई गंभीर बिमारियों की चपेट में आ सकते हैं। एक स्टडी के अनुसार कम नींद आपके हृदय को भी प्रभावित कर सकती है।

- **डायबिटीज** - एक स्टडी के अनुसार अच्छी नींद के कारण ब्लड शुगर लेवल कम होता है। कम नींद के कारण आपका शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। स्टडी के अनुसार डायबिटीज की समस्या से बचने के लिए आपको पर्याप्त नीद लेना ज़रूरी है।
- **वज़न बढ़ना** - कम नींद के कारण वज़न बढ़ना एक जाहिर सी बात है। कम नींद के कारण आपका अनहेल्दी तरीके से वज़न बढ़ता है। साथ ही कम नींद के कारण आपका मेटाबोलिज्म नहीं बढ़ता है जिससे वज़न बढ़ने की समस्या होती है। अच्छी नींद की मदद से आप कम अपने वज़न को नियमित रख सकते हैं।

### क्या कम नींद आपके हृदय को प्रभावित करती है?

एक स्टडी के अनुसार कम नींद या खंडित नींद के कारण आपके हृदय पर प्रभाव पड़ सकता है। नींद आपके शरीर के लिए बहुत ज़रूरी है। जब आप सोते हैं तो आपकी हार्ट रेट धीमी होती है, ब्लड प्रेशर नॉर्मल होता है और आप बेहतर तरीके से सांस ले पाते हैं। इस कारण आपके हृदय पर स्ट्रेस कम होता है जिससे हृदय की समस्या से राहत मिलती है। नींद प्रभावित होने के कारण व्यक्ति रात को सही तरह से आराम नहीं कर पाता है जिससे हृदय पर लगातार स्ट्रेस बढ़ता है। इसके साथ ही हाई ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, डायबिटीज, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी समस्या भी बढ़ सकती है।

### कम नींद के कारण ये बीमारियां भी हो सकती हैं

- **हाई ब्लड प्रेशर**- एक अच्छी और साधारण नींद में आपका ब्लड प्रेशर नियमित हो जाता है। पर लंबे समय तक कम सोने के कारण आपको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। कम नींद के कारण स्ट्रेस बढ़ता है जिससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होती है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण आपको हार्ट अटैक की समस्या भी हो सकती है।

## पर्याप्त नींद के लिए क्या करें?

- अच्छी नींद के लिए नियमित समय पर सोना ज़रूरी है। कभी भी न सोएं। हमेशा एक ही समय पर सोने की कोशिश करें।
- सुबह एक्सरसाइज करें। अच्छी नींद के लिए एक्सरसाइज करना ज़रूरी है। आप योग भी कर सकते हैं। एक्सरसाइज की मदद से आपका स्ट्रेस कम होगा और आपके हार्मोन भी बैलेंस रहेंगे।
- ब्लू लाइट का इस्तेमाल कम करें। आपके मोबाइल या कंप्यूटर से निकलने वाली ब्लू लाइट आपकी नींद को प्रभावित करती है। सोने से 30 मिनट पहले मोबाइल या कंप्यूटर का इस्तेमाल न करें।
- रात में चाय या कॉफ़ी का सेवन बिलकुल न करें। चाय और कॉफ़ी में caffine होता है जो आपके दिमाग को एक्टिव बनाता है जिससे आपकी नींद प्रभावित होती है।



# शरीर के लिए बेहद नुकसानदायक है मोमोज

मोमोज नॉर्थ इंडिया के लोगों का फेवरिट स्ट्रीट फूड है। लोग इसके नुकसान के बारे में पढ़ते रहते हैं लेकिन खुद को रोक नहीं पाते। कुछ ऐसी रिपोर्ट्स भी आ चुकी हैं जिनमें मोमो की चटनी जानलेवा साबित हुई। मोमोज सिल्वर (एल्युमिनियम) के स्टीमर में बनते हैं, यह भी शरीर के लिए बेहद नुकसानदायक होता है।

### मैदा हड्डियों को करता है खोखला

मोमोज मैदा के बने हुए होते हैं। मैदा गेहूं का एक उत्पाद है जिसमें से प्रोटीन व फाइबर निकाल लिया जाता है मृत स्टार्च ही बचता है। मैदे के प्रोटीन रहित होने से इसकी प्रकृति एसिडिक हो जाती है। यह शरीर में जाकर हड्डियों के कैल्शियम को सोख लेता है। मैदा अच्छी तरीके से डाइजेस्ट नहीं होता और कई बार हमारी आंतों में जाकर चिपक जाता है और हमारी आंतों को ब्लॉक कर सकता है। इससे तरह-तरह की बीमारियां हो सकती हैं।

### किडनी, पैक्रियाज डैमेज

आपने गौर किया होगा कि घर में बनाए हुए मोमोज थोड़े पीले होते हैं जबकि मार्केट वाले बिल्कुल वाइट। यह इसलिए होता है क्योंकि इन्हें वाइट और सॉफ्ट बनाने के लिए ब्लीच, क्लोरीन गैस, बेंजोयल पराक्साइड, ऐज़ो कर्बेमिड मिलाया जाता है। यह केमिकल किडनी और पैंक्रियाज को डैमेज करते हैं साथ ही डायबिटीज होने का खतरा भी बढ़ाते हैं।

### आंतों को नुकसान पहुंचाती लाल चटनी

मोमो के साथ मिलने वाली तीखी लाल मिर्च की चटनी उत्तेजक होती है, इसकी क्वालिटी भी लो होती है, जिससे पाइल्स, गैस्ट्राइटिस, पेट तथा आंतों में ब्लीडिंग हो सकती हैं।

### एमएसजी बेहद खतरनाक

कुछ मोमोज बेचने वाले, मोमोज में मोनोसोडियम ग्लूटामैट (एमएसजी) नाम का केमिकल मिलाते हैं। यह इसके टेस्ट को बढ़ता है और इसे सुगंधित बनाता है। इस केमिकल से मोटापा बढ़ता है। ब्रेन तथा नर्व्स की समस्या, चेस्ट पेन, हार्ट रेट और बीपी बढ़ने जैसे शिकायत हो हो जाती है।

### डेड एनिमल्स का मीट

कुछ जगह नॉन वेज मोमोज में डेड एनिमल्स के मीट को मिलाया जाता है। वहीं वेज मोमोज में सड़ी-गली सब्जियां भी डाली जाती हैं। इन सब्जियों से कई तरह के कीड़े और इन्फेक्शंस शरीर में पहुंच सकते हैं।



# क्या होता है बाथ साल्ट और क्या हैं इसके फायदे

**बाथ साल्ट से स्नान करना हमारे लिए बेहद फायदेमंद होता है। जैसे तनाव मुक्त महसूस करना, खून का संचार अच्छा होता है, नींद अच्छी आती है, साथ ही थकान भी मिट जाती है। नमक में प्रचुर मात्रा में मैग्नीशियम, सल्फर, कैल्शियम, सोडियम, सिलिकॉन, ब्रोमाइन और स्ट्रोन्शियम मौजूद होता है जो बॉडी को रिलैक्स करने में मदद करता है। तो कई बार अधिक थकावट होने पर या नींद अच्छी नहीं आने पर आप बाथ साल्ट से स्नान कर सकते हैं। जानते हैं बाथ साल्ट से होने वाले कुछ खास फायदों के बारे में**

### स्क्रब

नमक का पानी स्क्रब का काम करता है। शरीर में मौजूद डेड स्किन को निकालने में यह काफी मददगार है। कई बार मल जमा होने से खुजली भी होती है तो इससे राहत मिल जाएगी। अतिरिक्त पसीने की बदबू से भी छुटकारा मिलता है।

### बॉडी को करें डिटॉक्स

जी हां, पानी में एपसॉम नमक का इस्तेमाल कर बॉडी को डिटॉक्स किया जा सकता है। यह नमक बॉडी से टॉक्सिन को निकालने में मदद करते हैं। नमक के साथ आप कुछ बूंदे सुगंधित तेल की भी मिला सकते हैं।

### बॉडी को करें रिलेक्स

नमक में मैग्नीशियम होने से बॉडी को रिलैक्स करता है। इससे बॉडी में खून का संचार तेजी से होता है। यह ब्लड प्रेशर को भी नियंत्रित करने में मददगार होता है। वर्कआउट करने के बाद बाथ साल्ट लिया जाता है।

### दिमाग को करें शांत- बाथ साल्ट

लेने से ब्रेन फंक्शन बेहतर करने लगता है। दिमाग को शांत करता है मन को स्थिर करने में मदद मिलती है।

### फंगल इंफेक्शन से बचाएं

अक्सर बारिश के मौसम में खराब पानी की वजह से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में सप्ताह में एक बार नमक के पानी से जरूर नहाएं। ताकि फंगल या अन्य इंफेक्शन के खतरे से बचा जा सकें।

6ऑयल को करें कंट्रोल- अगर आपकी बॉडी और चेहरे पर बहुत अधिक मात्रा में ऑयल आता है तो आपको राहत मिलेगी। साथ ही चिपचिपाहट भी कम लगेगी।

### दर्द में राहत

एक उम्र के बाद बॉडी में दर्द होने लगता है। खासकर ज्वाइंट और हड्डियों में। दर्द अधिक होने पर गुनगुने पानी में नमक डालकर नहाने से पूरी बॉडी में राहत मिलेगी।

# आईपीएल 2027: हार्दिक का छूटा साथ, रोहित को फिर मिली कमान

एजेंसी, मुंबई।

आईपीएल 2027 से पहले मुंबई इंडियंस ने बड़ा फैसला लिया है। फ्रेंचाइजी ने अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा को एक बार फिर टीम की कप्तानी सौंप दी है। मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार (27 नवंबर) को इसकी आधिकारिक घोषणा की। करीब तीन सीजन बाद रोहित एक बार फिर टीम की कमान संभालते नजर आएंगे। इससे पहले 2024 सीजन से पहले उनसे कप्तानी लेकर हार्दिक पांड्या को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। दरअसल, हार्दिक पांड्या हाल ही में ट्रेड के जरिए पंजाब किंग्स में शामिल हो गए हैं। उनके बदले पंजाब के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस का हिस्सा बने हैं। हार्दिक के टीम से जाने के बाद मुंबई को नए कप्तान की तलाश थी। अब फ्रेंचाइजी ने अपने सबसे सफल कप्तानों में शामिल रोहित शर्मा पर भरोसा जताया है।

### रोहित शर्मा ने कप्तानी मिलने पर क्या कहा?

दोबारा कप्तान बनाए जाने के बाद रोहित शर्मा ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुंबई इंडियंस उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा रही है और इस टीम की कप्तानी करना हमेशा उनके लिए गर्व की बात रही है। रोहित ने कहा, 'मुंबई इंडियंस मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा हिस्सा रही है। इस टीम की अगुवाई करना हमेशा मेरे लिए गर्व की बात रही है। आने वाले सीजन को लेकर नीता भाभी और आकाश के साथ बातचीत काफी उत्साहजनक रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस सीजन में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि वह 20वें सीजन की चुनौतियों के लिए तैयार हैं और टीम के प्रशंसकों को जश्न मनाने के कई मौके देना चाहते हैं। उनका ध्यान टीम के अंदाज में क्रिकेट खेलने, एकजुट होकर मुकाबला करने और खेल का आनंद लेने पर रहेगा।

### क्या बोले आकाश अंबानी?

मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने रोहित शर्मा को दोबारा कप्तान बनाए जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि टीम के ऐतिहासिक 20वें सीजन में रोहित को ब्लू एंड गोल्ड की अगुवाई करते देखना उनके लिए बेहद खुशी की बात है। रोहित का मुंबई इंडियंस और टीम के प्रशंसकों (पलटन) के साथ रिश्ता बेहद खास है। आने वाले सीजन को लेकर हुई बातचीत में सभी के बीच बेहतर प्रदर्शन करने और नई उपलब्धियां हासिल करने



को लेकर उत्साह और महत्वाकांक्षा देखने को मिली। आकाश ने आगे कहा कि रोहित के अनुभव और नेतृत्व क्षमता के साथ जिस तरह की टीम तैयार की जा रही है, उससे आने वाले सीजन को लेकर काफी उम्मीदें हैं। टीम का लक्ष्य ऐसा क्रिकेट खेलना है, जिससे पलटन को गर्व महसूस हो और प्रशंसकों के साथ कई यादगार पल बनाए जा सकें।

### क्या बोलीं नीता अंबानी?

मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की दोबारा वापसी पर टीम की मालकिन नीता अंबानी ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुंबई इंडियंस ने 2011 में रोहित को अपनी टीम में शामिल किया था और उसी दिन से वह परिवार का हिस्सा बन गए। नीता अंबानी ने कहा कि उन्होंने रोहित को एक युवा खिलाड़ी से शानदार क्रिकेटर, चैंपियन और बेहतरीन लीडर बनते हुए देखा है। मुंबई इंडियंस के 20वें सीजन को खास बताते हुए उन्होंने कहा कि रोहित को एक बार फिर टीम की कप्तानी करते देखना सभी के लिए गर्व और खुशी का पल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रोहित का यह नया अध्याय टीम और करोड़ों प्रशंसकों के लिए कई यादगार पल लेकर आएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरी मुंबई इंडियंस टीम और उसकी 'पलटन' रोहित के साथ खड़ी है और उनका समर्थन कर रही है।

### रोहित की कप्तानी में मुंबई ने जीते पांच आईपीएल खिताब

रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उन्होंने 2013 सीजन के बीच में रिकी पोंटिंग से कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी। उसी साल उनकी अगुवाई में मुंबई इंडियंस ने पहली बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया। इसके बाद टीम ने चैंपियंस लीग टी20 का खिताब भी जीता। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 2015, 2017, 2019 और 2020 में भी आईपीएल ट्रॉफी जीती। इस तरह उनकी अगुवाई में टीम कुल पांच बार चैंपियन बनी। वह एमएस धोनी के साथ आईपीएल इतिहास में पांच खिताब जीतने वाले कप्तानों में शामिल हैं। खास बात यह है कि रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने कभी आईपीएल फाइनल नहीं गंवाया। टीम ने 2017 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट और 2019 में चेन्नई सुपर किंग्स को सिर्फ एक रन से हराकर खिताब जीता था।

### रोहित का कप्तानी रिकॉर्ड रहा शानदार

रोहित शर्मा ने 2013 से 2023 तक कुल 11 सीजन में मुंबई इंडियंस की कप्तानी की। इस दौरान उन्होंने 158 मुकाबलों में टीम का नेतृत्व किया। इनमें से मुंबई ने 87 मैच जीते, जबकि 67 में उसे हार का सामना करना पड़ा। चार मुकाबले टाई रहे।

### हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाने पर हुआ था विवाद

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 से पहले रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पांड्या को टीम की कमान सौंप दी थी। हार्दिक को गुजरात टाइटंस से ट्रेड के जरिए मुंबई में शामिल किया गया था। उन्होंने गुजरात को उसके पहले ही सीजन यानी 2022 में चैंपियन बनाया था। हालांकि, मुंबई के इस फैसले से प्रशंसक काफी नाराज हुए थे। हार्दिक को कई मैदानों पर दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा। इसमें मुंबई का घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम भी शामिल था। हार्दिक की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का 2024 सीजन बेहद खराब रहा और टीम 14 में से सिर्फ चार मैच जीतकर अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रही। हार्दिक की कप्तानी में 2025 में सुधरा प्रदर्शन, लेकिन 2026 में फिर निराशा आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस ने वापसी की। टीम ने शुरूआती खराब प्रदर्शन के बाद प्लेऑफ में जगह बनाई और चौथे स्थान पर रहते हुए एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराया। हालांकि, क्वालिफायर-2 में उसे पंजाब किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद आईपीएल 2026 में मुंबई का प्रदर्शन एक बार फिर निराशाजनक रहा। खिताब का दावेदार मानी जा रही टीम 14 मुकाबलों में सिर्फ चार जीत हासिल कर सकी और नौवें स्थान पर रही। हार्दिक की कप्तानी में तीन सीजन के दौरान यह मुंबई का दूसरा निचले दो स्थानों में रहना था।

# तीसरा टी20: ओवरटन ने रचा इतिहास, गाबा में 5 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को समेटा; कंगारुओं के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड

एजेंसी, ब्रिस्बेन

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए इतिहास रच दिया। ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में ओवरटन ने महज 12 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। इसके साथ ही वह गाबा में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। ओवरटन की घातक गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिक नहीं सके और पूरी टीम 16.5 ओवर में 108 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का अपने घरेलू मैदान पर सबसे कम स्कोर है।

### गाबा में ओवरटन ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

जेमी ओवरटन का यह प्रदर्शन कई मायनों में खास रहा। वह गाबा के मैदान पर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इससे पहले इस मैदान पर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क के नाम था। स्टार्क ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 20 रन देकर चार विकेट हासिल किए थे। ओवरटन के अलावा इंग्लैंड के लियाम डॉसन ने भी शानदार गेंदबाजी की और 16 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। दोनों गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय में पांच विकेट लेने वाले दूसरे इंग्लिश गेंदबाज बने

ओवरटन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले सैम करन ने टी20 विश्व कप 2022 में अफगानिस्तान के खिलाफ 10 रन देकर पांच विकेट हासिल किए थे। इस तरह ओवरटन ने 5/12 के आंकड़े के साथ इंग्लैंड की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा सर्वश्रेष्ठ पांच विकेट का प्रदर्शन भी दर्ज किया।

### ऑस्ट्रेलिया के नाम दर्ज हुआ घरेलू मैदान पर शर्मनाक रिकॉर्ड

गाबा में ऑस्ट्रेलिया की टीम महज 108 रन पर सिमट गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का अब तक का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले टीम ने 2022 में सिडनी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 111 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी ऑस्ट्रेलिया का यह दूसरा सबसे कम स्कोर रहा। इससे पहले 2005 में साउथेम्प्टन में टीम महज 79 रन पर ऑलआउट हुई थी।

### इंग्लैंड ने सात विकेट से जीता मुकाबला

ऑस्ट्रेलिया को 108 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मुकाबले में डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत मिले 93 रन के संशोधित लक्ष्य को हासिल कर लिया। इंग्लैंड ने सात विकेट से जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली।

# किंग का नया गाना रिलीज: 'डैडी कूल' पर थिरके शाहरुख खान, बेबो ने लगाया बोल्डनेस का तड़का



शाहरुख खान की आगामी फिल्म 'किंग' का एक और गाना आज रिलीज हो चुका है। इसका टाइटल है- 'डैडी कूल'। इसमें बॉलीवुड के किंग को करीना कपूर के साथ थिरकते देखा गया है। यह गाना अरिजीत सिंह और शिल्पा राव ने गाया है।

### 15 साल बाद जमी किंग खान-करीना की जोड़ी

फिल्म 'किंग' का पहला गाना 'तू मिल जाए' काफी सुर्खियों में रहा। इसमें एक्टर को दीपिका पादुकोण के साथ देखा गया। वहीं, 'डैडी कूल' गाने में वे करीना कपूर के साथ नजर आए हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस गाने के जरिए शाहरुख और करीना कपूर की जोड़ी करीब 15 साल बाद एक बार फिर परदे पर नजर आने वाली है। दोनों को इससे पहले साल 2011 की फिल्म 'रा.वन' में साथ देखा गया था।

### एक-दूसरे को टक्कर देते दिखे बेबो-शाहरुख

इस गाने के बीट्स एनर्जी से भरपूर हैं। शानदार रेट्रो अंदाज के साथ शाहरुख खान और करीना कपूर अपने डांस मूव्स से डांस फ्लोर पर आग लगाते नजर आ रहे हैं। डांस के मामले में शाहरुख खान और करीना कपूर दोनों ही एक-दूसरे को भरपूर टक्कर देते दिख रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री लाजवाब है। करीना कपूर का अंदाज काफी बोल्ड है।

### ग्लोबल टच के साथ 'डैडी कूल-किंग वर्जन' शानदार

इस गाने के लिरिक्स कुमार के हैं। यह गाना दरअसल, बोनी एम के 1976 के क्लासिक गाने पर आधारित है, जिसमें उनके मूल अंग्रेजी वोकल्स को शामिल किया गया है। इस तरह 'डैडी कूल-किंग वर्जन' में बोनी एम. के मशहूर ग्लोबल हिट गाने 'डैडी कूल' की तासीर भी बरकरार है। सचिन-जिगर ने 'डैडी कूल' को नए अंदाज में कंपोज किया है। कोरियोग्राफी वैभवी मर्चेंट ने की है। बता दें कि यह गाना मेटा के प्रमुख कार्यक्रम ह्यहाउस ऑफ इंस्टाग्राम 2026ह्ण में लॉन्च हुआ है, जहां देश के 700 से अधिक लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स एक साथ आए।

### नेटिजंस को याद आई 'डॉन'

फिल्म 'किंग' में शाहरुख खान और करीना को एक साथ देखकर लोगों को 'डॉन' की यादें ताजा हो गई हैं। बता दें कि फिल्म 'डॉन' के 'ये मेरा दिल' गाने में दोनों सितारों को साथ देखा गया था। वहीं कुछ यूजर्स इस बात की खुशी जता रहे हैं कि इतने वर्षों बाद करीना और शाहरुख साथ नजर आएंगे। फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। फिल्म में सुहाना खान भी नजर

# भोपाल के थिएटर से मुंबई तक, अर्शी खान ने ऐसे बदली अपनी किस्मत

मनोरंजन जगत में ऐसे कई सितारे हैं, जिन्होंने अपनी पढ़ाई और शुरूआती करियर से बिल्कुल अलग राह चुनकर पहचान बनाई है। इन्हीं में से एक नाम अभिनेत्री अर्शी खान का भी है। फिजियोथेरेपी की डिग्री हासिल करने के बाद जहां उनका करियर मेडिकल क्षेत्र में तय माना जा रहा था, वहीं अभिनय के प्रति उनके गहरे लगाव ने उनकी जिंदगी की दिशा ही बदल दी। 28 नवंबर को भोपाल के पठान परिवार से ताल्लुक रखने वाली अभिनेत्री अर्शी खान ने स्कूल की शिक्षा भोपाल से पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में जाने का फैसला किया और भोपाल के मायो मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया। बताया जाता है कि अभिनय की तरफ रुझान होने के कारण अर्शी खान ने भोपाल से थिएटर करना शुरू कर दिया था, जिसके बाद उन्हें मॉडलिंग के प्रस्ताव मिले और वह अभिनय व ग्लैमर की दुनिया में आगे बढ़ीं। दरअसल, अर्शी खान ने अपने करियर के शुरूआती दौर में भोपाल में थिएटर में काम किया, जहां थिएटर निर्देशक एहसान चिश्ती से उन्होंने काम किया। थिएटर के बाद उन्हें मॉडलिंग के ऑफर मिले और उन्होंने कई ब्रांड्स के लिए काम किया; 2014 में वह 'मिस ग्लोरी अर्थ' जैसी सौंदर्य प्रतियोगिता में भी शामिल हुईं। वहीं, साल 2014 के आसपास उन्होंने तमिल फिल्म 'मल्ली मिशतु' और फिल्म 'द लास्ट सम्राट' (द लास्ट एम्परर) से फिल्मी सफर की शुरूआत की। बाद में वे त्राहिमाम (2022) और अंदाज (2024) जैसी परियोजनाओं से भी जुड़ीं। फिल्मों के अलावा वे नखरे जैसे पंजाबी म्यूजिक वीडियो में भी नजर आईं। 2017 में बिग बॉस 11 में आने के बाद उन्हें घर-घर में पहचान मिली। अपने बेबाक अंदाज और 'अवाम' जैसे तकिया कलाम के चलते वे काफी चर्चा में रहीं, और 2017 में भारत में सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली मनोरंजन हस्तियों में गिनी गईं, जिससे टीवी शो, म्यूजिक वीडियो और आगे के प्रोजेक्ट्स के रास्ते खुले।

इसके बाद उन्होंने टीवी शो 'सावित्री देवी कॉलेज एंड हॉस्पिटल' में नयंतरा और 'विष' में कलंकनी जैसे किरदार निभाए, साथ ही इश्क में मरजावां और एंटरटेनमेंट की रात जैसे शोज से भी जुड़ी रहीं। 2017 में बिग बॉस 11 में अपनी अच्छी परफॉर्मेंस के साथ वे 'बिग बॉस 14' में चैलेंजर के तौर पर दोबारा शो में दिखाई दीं। 2019 के चुनावों के दौरान वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़ीं, लेकिन बाद में अपने पेशेवर कामकाज का हवाला देते हुए उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया।



# 65 हजार की साड़ी में नजर आईं तमन्ना



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और फिल्म निमार्ता विशाल भारद्वाज के साथ हाल ही में सद्गुरु की फोटो बुक पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। 'डिसअपीयरिंग फेसेस' नामक यह पुस्तक आध्यात्मिक गुरु की 50 वर्षों की यात्रा के दौरान खींची गई तस्वीरों का संग्रह है।

### तस्वीरों में छाईं तमन्ना भाटिया

सद्गुरु के इस इवेंट में तमन्ना भाटिया काफी स्टाइलिश अंदाज में पहुंचीं थी। खूबसूरत सी पिंक साड़ी में पहुंचीं अभिनेत्री ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था। फूलों के हैंडप्रिंटिंग और मोतियों की बारीक डिटेलिंग वाली इस हल्के गुलाबी रंग की साड़ी में एक्ट्रेस बेहद सुंदर लग रही थीं। करीब 65000 हजार कीमत वाली इस साड़ी को फैशन ब्रांड पिचिका ने डिजाइन किया है। साड़ी की सबसे खास बात यह है कि इस पर फूलों की प्रिंटिंग मशीन के बजाय हाथों से की गई है।

### सद्गुरु के आध्यात्मिक यात्रा पर चर्चा

इस समारोह मुंबई स्थित होटल में आयोजित हुआ। इस दौरान सद्गुरु की फोटो बुक 'डिसअपीयरिंग फेसेस' को लेकर एक खास चर्चा रखी गई थी। इस बुक में सद्गुरु की हिमालय और तिब्बत के दौरान यात्रा की फोटोज हैं। अपनी यात्रा में सद्गुरु कई साल तक उत्तर भारत में घूमते रहे।

### योग केंद्र जाती हैं तमन्ना

तमन्ना का सद्गुरु के पैर छूकर आशीर्वाद लेना उनके आध्यात्मिक झुकाव को देखते हुए कोई नई बात नहीं है। एक्ट्रेस कई मौकों पर भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा जाहिर कर चुकी हैं। वह कोयंबटूर स्थित सद्गुरु के ईशा योग केंद्र भी जाती रहती हैं। तमन्ना यहां महाशिवरात्रि के आयोजन में भी शामिल हो चुकी हैं और प्रसाद चढ़ाने की रस्म में हिस्सा ले चुकी हैं। उनकी भगवान शिव



# दिल्ली की बीकॉम स्टूडेंट से बॉलीवुड स्टार तक, ऐसा रहा दिव्या खोसला कुमार का सफर

बॉलीवुड में काफी ऐसे सितारे हैं, जिनका शुरूआती जीवन उनके फिल्मी करियर से बिल्कुल अलग रहा है। दिल्ली के एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार का जीवन इस बात का जीता-जागता प्रमाण है। कॉलेज के दिनों में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआत करने वाली दिव्या खोसला ने किस तरह म्यूजिक वीडियो और फिल्मों के जरिए बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। आइए उनके इस सफर पर एक नजर डालते हैं। 27 नवंबर को दिल्ली के पंजाबी परिवार में जन्मीं अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। अभिनेत्री के पिता की प्रिंटिंग प्रेस थी और मां अनीता खोसला एक शिक्षिका थीं। शुरूआत से ही उनके घर का माहौल पारंपरिक और अनुशासित था।

दिव्या ने अपनी स्कूली पढ़ाई दिल्ली पब्लिक स्कूल से की और बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय के जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज से बीकॉम की डिग्री हासिल की। इस दौरान अभिनेत्री ने मॉडलिंग और प्रिंट विज्ञापनों में काम करना शुरू कर दिया था। कॉलेज के दिनों में भी वह पढ़ाई में अच्छी रहीं लेकिन इसी दौर में उन्होंने मॉडलिंग और प्रिंट विज्ञापनों में काम करना शुरू किया। हालांकि, अभिनेत्री के लिए यह रास्ता चुनना आसान नहीं था। दरअसल, शुरूआती दौर में उन्हें परिवार के समर्थन के साथ-साथ पिता की ओर से कुछ हिचकिचाहट का भी सामना करना पड़ा था।

इसी दौरान दिल्ली के एक होटल (ग्रैंड हयात) में फाल्गुनी पाठक के म्यूजिक वीडियो के लिए बड़ा ऑडिशन चल रहा था, जहां बड़ी संख्या में लड़कियां पहुंची थीं। दिव्या ने भी वहां ऑडिशन दिया और उनका चयन हो गया। इस वीडियो के निर्देशक राधिका राव और विनय सप्रू थे और चयन के कुछ ही दिनों बाद उन्हें शूटिंग के लिए बुलाया गया। शुरूआती काम से आत्मविश्वास बढ़ने और मॉडलिंग के अवसर मिलने के बाद दिव्या आगे बढ़ने के लिए मुंबई चली गईं। मुंबई में उन्होंने ऑडिशन दिए, संघर्ष किया और फिर उन्हें बड़े म्यूजिक वीडियो मिले।

मुंबई आने के शुरूआती दौर में ही उन्हें सलमान खान के साथ म्यूजिक वीडियो 'हनी हनी' (जिसे 'जिद ना करो ये दिल का मामला है' के रूप में भी जाना जाता है) में काम करने का मौका मिला। इससे उन्हें इंडस्ट्री में अच्छी पहचान मिली। 2003 में वे अभिजीत भट्टाचार्य के मशहूर गाने ₹कभी यादों में आऊंर के म्यूजिक वीडियो में दिखाई दीं, जिसने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। म्यूजिक वीडियो की सफलता के बाद दिव्या के लिए फिल्मों के दरवाजे खुल गए और साल 2004 में उन्होंने तेलुगु फिल्म 'लव टुडे' की थी।

बॉलीवुड में उन्होंने 'अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों' से अभिनय की शुरूआत की थी। इस फिल्म के दौरान दिव्या खोसला कुमार की टी-सीरीज के प्रमुख भूषण कुमार से मुलाकात हुई थी, जो उन्हें पहली नजर में ही पसंद करने लगे थे और कुछ समय बाद जम्मू के माता वैष्णो देवी मंदिर में भूषण कुमार के साथ वह विवाह के बंधन में बंध गईं। शादी के बाद दिव्या ने कुछ समय के लिए अभिनय से दूरी बनाई और 2011 में दोनों के बेटे रुहान का जन्म हुआ। बाद में दिव्या ने निर्देशन और निर्माण में कदम रखा और फिर अभिनय में भी वापसी की।